रोहतक
शनिवार, 1 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 30
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 28.2
न्यून. 12.5

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,198.10 | 1414.33 ▼ |
| निफ्टी | 22,124.70 | 420.35 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 87,700 /- | 500/- ▼ |
| चांदी | 94,400/- | 2100/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 87.46 | 28 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 73.49/ बैरल | 0.74% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।


चमोली के माणा में नर पर्वत से ग्लेशियर टूटा, बीआरओ कैंप में फंसे 57 मजदूर सेना और आईटीबीपी ने बचाव अभियान चलाया, हेलीकॉप्टर से ली जा रही मदद

# उत्तराखंड में हिमस्खलन, बर्फ में दबे 33 लोगों को बचाया, 24 लापता

## 4 की हालत गंभीर, 3200 मीटर की ऊंचाई पर 6 फीट तक बर्फ जमीं

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड में हो रही भारी बर्फबारी के कारण चमोली में बदरीनाथ के पास सीमांत माणा गांव में शुक्रवार सुबह नर पर्वत से ग्लेशियर टूटने से हिमस्खलन हो गया। इससे सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के 57 मजदूर दब गए। बचाव अभियान में जुटी बीआरओ सेना, आईटीबीपी, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने शाम तक 33 मजदूरों को बचा लिया। वहीं, 24 लोग अभी लापता बताएं जा रहे हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने यह जानकारी दी। 3200 मीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर 6 फीट जमी बर्फ के बीच बाकी के 25 मजदूरों की तलाश जारी है। यह घटना बदरीनाथ से 3 किलोमीटर दूर चमोली के माणा गांव में हुई है। हादसे के दौरान सभी मजदूर 8 कंटेनर और एक शेड में मौजूद थे।

### यहां हुआ हादसा
माणा तिब्बत सीमा पर भारत का आखिरी गांव है। बताया जाता है कि बद्रीनाथधाम, नर और नारायण पर्वत की तलहटी पर बसा है जिसके बीचोंबीच अलकनंदा नदी प्रवाहित होती है। हादसा नर पर्वत से आए हिमस्खलन के कारण हुआ।

### अस्पताल में भर्ती
रेस्क्यू किए गए सभी मजदूरों को माणा गांव में आईटीबीपी कैंप लाया गया है। यहां उनका इलाज चल रहा है। इनमें 4 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। पूरे इलाके में बर्फबारी हो रही है। माणा और बदरीनाथ के बीच में स्थित बीआरओ के मजदूरों के कैंप पर करीब सवा सात बजे हिमस्खलन हुआ था।

### शाह और धामी ने दिए निर्देश
- उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी ने एसडीआरएफ अफसरों संग बैठक की।
- गृह मंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने घटना को लेकर उत्तराखंड के सीएम, सेना, आईटीबीपी और एनडीआरएफ के अधिकारियों से बातचीत की।

(पेज 8 भी देखें)

## ब्लैक फ्राइडे : शेयर बाजार की गिरावट ने 28 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

# बाजार धड़ाम-निवेशक हलकान

**06** माह में 10 फीसदी से अधिक गिरे सेंसेक्स और निफ्टी

**20** फीसदी से ज्यादा गिरा ऑटो और एफएमसीजी क्षेत्र

**28** फरवरी को सेंसेक्स 1414 और निफ्टी 420 अंक गिरा


**05** महीने से लगातार 1996 के बाद पहली गिरावट दर्ज की

**मुंबई (भाषा)।** चीन के उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की अमेरिका की घोषणा से शुक्रवार को दुनिया भर के बाजारों में बड़ी गिरावट देखी गई। इसके दबाव में घरेलू शेयर बाजार का मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,414 और निफ्टी 420 अंक टूट गया। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। व्यापक बिकवाली के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,414.33 अंक यानी 1.90 प्रतिशत गिरकर 73,198.10 पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी लगातार आठवें दिन गिरावट को जारी रखते हुए 420.35 अंक यानी 1.86 प्रतिशत फिसलकर 22,124.70 पर बंद हुआ। इस भारी गिरावट से बीएसई सेंसेक्स पिछले साल 27 सितंबर को हासिल 85,978.25 के अपने रिकॉर्ड शिखर से अब तक 12,780.15 अंक यानी 14.86 प्रतिशत नीचे आ चुका है। वहीं, एनएसई निफ्टी 27 सितंबर, 2024 को 26,277.35 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर से अब तक कुल 4,152.65 अंक यानी 15.80 प्रतिशत टूट चुका है।

## व्यापार युद्ध की आशंका से मचा हाहाकार

**7.46** लाख करोड़ घटी निवेशकों की वेल्थ

**90** लाख करोड़ का नुकसान पांच माह में



**14.58** फीसदी गिरा स्मॉल कैप पांच माह में

**24.15** प्रतिशत गिरा निफ्टी ऑटो क्षेत्र 5 माह में

### अक्टूबर 2024 से हर माह गिरा निफ्टी
- अक्टूबर 2024 से, निफ्टी हर माह गिरावट में बंद हुआ है। ये 5 महीने में 12% गिर चुका है। 1996 के बाद पहली बार है कि बाजार में लगातार पांच माह गिरावट आई है।
- इससे पहले 1996 में जुलाई से लेकर नवंबर महीने के बीच बाजार में लगातार 5 महीने गिरावट दर्ज की गई थी। इन 5 महीनों के दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 26% गिरा था।
- बाजार के उतार चढ़ाव में निवेशकों को घबराना नहीं चाहिए। यह गिरावट उनके लिए एक मौका भी हो सकती है। जब-जब निवेशक घबराते या चिंतित रहते हैं तब तब बाजार ने एवरेज से ज्यादा रिटर्न दिया है।

### इसलिए गिर रहा बाजार
- विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली
- महंगाई अभी भी बड़ी चिंता का कारण
- अर्थव्यवस्था के बढ़ने की धीमी गति
- डोनाल्ड ट्रम्प की ट्रेड पॉलिसीज से निवेशक चिंतित
- चीनी बाजार में ज्यादा पैसा लगा रहे निवेशक
- अमेरिका द्वारा यूरोपीय संघ से आयात पर शुल्क लगाए जाने की आशंका से बाजार में घबराहट
- कनाडा-मेक्सिको से अमेरिकी आयात पर 25% शुल्क की चिंता।

### दिसंबर तिमाही में वृद्धि दर 6.2% पर
**नई दिल्ली।** देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 6.2% रह गई। कृषि को छोड़कर खनन, विनिर्माण और अन्य सभी क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब रहने से इसमें सुस्ती आई है। हालांकि तिमाही आधार पर आर्थिक वृद्धि दर में सुधार दर्ज किया है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को आर्थिक प्रदर्शन से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत थी।

# प्रदेश के 12 जिलों में गिरे ओले, कई जिलों में तेज बरसात, फसलों को भारी नुकसान



**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में शुक्रवार शाम को अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। इस दौरान हिसार, अंबाला, यमुनानगर, भिवानी, जींद, चरखीदादरी, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ समेत 12 जिलों में तेज बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि हुई। वहीं, पानीपत, सोनीपत, रोहतक और झज्जर में बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने यमुनानगर, कुरूक्षेत्र, अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, रोहतक, हिसार, करनाल, सोनीपत, जींद, पानीपत, पंचकूला में ओलावृष्टी का अलर्ट जारी किया है। ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके साथ-साथ मौसम में भी ठंडक बढ़ गई है।

### किसानों को सता रहा डर
किसानों को गेहूं की फसल खराब होने का डर सताने लगा है। अगेती फसल के साथ सब्जियों की फसलों में भारी क्षति पहुंची है। गेहूं खेतों में बिछ गई है। इससे उत्पादन प्रभावित होगा। किसानों ने सरकार से तुरंत मुआवजा देने की मांग की है।

### आज भी बारिश संभव
मौसम विभाग का कहना है कि 1 मार्च तक ऐसा हमौसम रहेगा। उत्तरी व पूर्व इलाकों में बारिश और बाकी हरियाणा में तेज गति से हवाएं चलने का अनुमान है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को गेहूं की फसल में सिंचाई न करने की सलाह दी है। हकृवि के वरिष्ठ गेहूं विशेषज्ञ डॉ. ओपी बिश्नोई ने कहा कि तेज हवा चलने और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हो सकता है।

# प्रदेश में निकाय चुनाव प्रचार थमा, वोटिंग कल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर चल रहा चुनाव प्रचार शुक्रवार शाम को 5 बजे थम गया। अब 2 मार्च को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने इसके लिए तैयारी कर ली है। 12 मार्च को परिणाम घोषित किए जाएंगे। मतदान में 7 नगर निगमों (गुरुग्राम, मानेसर, फरीदाबाद, हिसार, रोहतक, करनाल, यमुनानगर) के मेयर व सभी वार्डों के सदस्यों के लिए, अम्बाला एवं सोनीपत नगर निगम के मेयर के उप चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। इसी प्रकार 04 नगर परिषदों नामतः अम्बाला सदर, पटौदी जटौली मंडी, थानेसर एवं सिरसा के प्रेजीडेंट (प्रधान) व सभी वार्ड सदस्यों के लिए मतदान होगा। साथ ही सोहना नगर परिषद, जिला गुरुग्राम में प्रधान के पद के उप चुनाव के लिए मतदान होगा। 21 नगरपालिकाओं के प्रधान पद व सभी वार्डों के सदस्यों के चुनाव के लिए 02 मार्च को वोट डाले जाएंगे, साथ ही असंध, करनाल एवं ईस्माईलाबाद, कुरुक्षेत्र नगरपालिकाओं के प्रेजीडेंट पद के लिए होने वाले उप चुनाव के लिए भी मतदान 02 मार्च को होगा।

> प्रचार के अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों ने झोंकी पूरी ताकत

# अभी ईपीएफ पर मिलता रहेगा 8.25 फीसदी ब्याज

**नई दिल्ली(भाषा)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने शुक्रवार को 2024-25 के लिए भविष्य निधि जमा पर 8.25% ब्याज दर बरकरार रखने का निर्णय किया। यह ब्याज पिछले वित्त वर्ष के बराबर है। ईपीएफओ ने फरवरी, 2024 में ईपीएफ पर ब्याज दर को 2022-23 में 8.15% से मामूली रूप से बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था। श्रम मंत्रालय ने कहा, 'केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने शुक्रवार को अपनी बैठक में 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.25% ब्याज देने का फैसला किया है। मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

> सीबीटी ने ब्याज दर को बरकरार रखा

# राम रहीम की पैरोल के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली (भाषा)।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को बार-बार पैरोल और फरलो पर रिहा किए जाने के खिलाफ दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाकर जनहित याचिका दायर नहीं की जा सकती। अगर किसी नियम का उल्लंघन किया है या हाईकोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया गया है तो उसे हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। यह याचिका शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने दायर की थी। याचिका में राम रहीम को 2022 से अब तक बार-बार जेल से बाहर आने की अनुमति दिए जाने का विरोध किया गया था।

> एसजीपीसी ने दायर की थी यचिका

### अंदर के पन्नों पर
- ओलंपिक, एशियाई-कॉम्नवेल्थ खेलों की नर्सरियां खुलेंगी पेज-2
- दिल्ली की सीएम ने स्वास्थ्य पर कैग रिपोर्ट पेश की पेज-7
- व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, नवाचार, हरित विकास पर सहयोग का एक ब्लू प्रिंट तैयार पेज-8

### खबर संक्षेप

#### ओपन एआई ने लॉन्च किया तेज जीपीटी 4.5
**नई दिल्ली।** ओपन एआई का नया और सबसे शानदार एआई मॉडल जीपीटी-4.5 आ गया है। यह पहले से ज्यादा तेज, समझदार और स्मार्ट है। यह इंसानों की तरह आपकी भावनाओं को भी समझ सकता है। पहले एआई सिर्फ फैक्ट्स और मैथमेटिक्स पर ध्यान देते थे, लेकिन जीपीटी-4.5 आपकी बातचीत को और आसान और नेचुरल बना सकता है।

#### अब जन्म प्रमाणपत्र ही जन्मतिथि का प्रमाण
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पासपोर्ट नियमों में संशोधन किया है, जिसके तहत एक अक्टूबर, 2023 या इसके बाद जन्मे पासपोर्ट आवेदकों के लिए उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र ही जन्मतिथि का एकमात्र प्रमाण होगा। अधिकारियों के अनुसार, इस सप्ताह पासपोर्ट नियम 1980 में संशोधन को प्रभावी करने के लिए एक आधिकारिक नोट जारी किया गया। आधिकारिक राजपत्र में संशोधन प्रकाशित होने के बाद नए नियम लागू हो जाएंगे।

## पुन्हाना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल से पेपर आउट

# हरियाणा बोर्ड परीक्षा : दूसरे दिन नूंह में 10वीं का पेपर लीक हुआ

> हरियाणा शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में चली जमकर नकल
> ■ दीवारों पर चढ़कर खिड़की-रोशनदान से पर्चियां फेंकी
> ■ सोनीपत में महिला शिक्षक पर्ची बनाते पकड़ी गई
> ■ गुरुवार को 12वीं का पेपर भी नूंह और पलवल से हुआ था लीक, केस दर्ज

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

हरियाणा शिक्षा बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन शुक्रवार को 10वीं का मैथ का पेपर लीक हो गया। बताया जा रहा है कि पेपर शुरू होने के 15 मिनट बाद ही नूंह में पुन्हाना के एनडीएम पब्लिक स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र से पेपर बाहर आ गया। इसके बाद पुन्हाना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल से भी पेपर आउट हो गया। बता दें कि एक दिन पहले 12वीं का पेपर भी लीक हो गया था। दूसरी तरफ नूंह और पुन्हाना में पर्ची फेंकने के लिए युवक छतों और दीवारों पर चढ़ गए। रोशनदान से भी पर्चियां परीक्षा केंद्र में फेंकी गई। कई जगह पुलिस और टीचरों की मौजूदगी में युवक पर्चियां फेंकते दिखे। वहीं, सोनीपत में महिला टीचरों ने व्हाट्सएप पर पेपर आने के बाद उसे सॉल्व किया और छात्रों के जरिए परीक्षा केंद्र के अंदर पर्चियां भिजवाईं।

### 36 नकलची पकड़े, दो पर्यवेक्षक रिलीव, 3 छात्रों के खिलाफ केस दर्ज

### पेपर आऊट करने वाले तीन परीक्षार्थियों पर केस दर्ज
भिवानी। सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) गणित विषय की परीक्षा में अभी तक प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अनुचित साधन के 36 केस दर्ज, 02 पर्यवेक्षकों को ड्यूटी में कोताही बरतने के कारण रिलीव किया। 03 परीक्षार्थियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रदेशभर में 1355 परीक्षा केन्द्रों पर 2,87,023 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए। बोर्ड सचिव अजय चोपड़ा ने यह जानकारी दी। परीक्षाओं में अभी तक 97 अनुचित साधन के केस दर्ज किए हैं।

**सख्ती** विस में बिल ला सकती है सरकार, गैर जमानती अपराध होगा

## सीएमओ ने अफसरों और विभाग से ली कानूनी राय ड्राफ्ट किया जा रहा काम

# अब घटिया कीटनाशक और खाद बेचने वालों पर शिकंजे की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश में अब घटिया (नकली) कीटनाशक और खाद बेचने वालों के खिलाफ शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है। आने वाले दिनों में नकली खाद, बीज और कीटनाशक बेचते पकड़े गए, तो यह गैर जमानती अपराध होगा। ऐसे लोगों पर भारी भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। इस प्रस्ताव पर सीएमओ में मंथन चल रहा है। सीएमओ ने उच्च अधिकारियों और विभाग के अफसरों से लीगल राय लेकर बिल का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इसे इसी बजट सत्र के दौरान पेश किया जा सकता है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भी विस में साफ कर दिया था कि सरकार कृषि व्यवस्था में बदलाव की तैयारी में है। किसानों के लिए नकली खाद, बीज और कीटनाशक बड़ी चुनौती बन चुके हैं। इन्हें रोकने के लिए कड़ा कानून लाया जाएगा।

### फिलहाल मामूली जुर्माना का प्रावधान
अभी नकली बीज, खाद और कीटनाशक बेचने वाले इसलिए बच जाते हैं, क्योंकि फिलहाल पकड़े जाने की सूरत में पांच सौ मात्र ही जुर्माना लगाया जाता है। इसलिए लोगों में किसी भी तरह का डर भय नहीं है।

### केंद्र सरकार भी गंभीर
केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने भी ऐसे मामलों में गंभीरता दिखाई है। साथ ही साफ कर दिया कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए नकली बीज, खाद और कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। देश के किसानों को हर हाल में अच्छी गुणवत्ता वाले खाद, बीज, कीटनाशक मिलना सुनिश्चित किया जाएगा। चौहान ने मंत्रालय की समीक्षा बैठक के दौरान अफसरों को भी दिशा निर्देश जारी किए थे।

### कृषि विशेषज्ञों की सलाह
कृषि विशेषज्ञों को सलाह दी है कि जब भी खाद खरीदें तो उसका पक्का बिल लें। कृषि अधिकारियों ने कहा कि अक्सर किसान खाद, दवाई या बीज की खरीदारी करते समय पक्का बिल नहीं लेता। जिसकी वजह से कई बार खाद की गुणवत्ता का कम होने पर किसान को पूरा फायदा नहीं मिल पाता। इसलिए पक्का बिल लेना जरूरी है।



## खबर संक्षेप

### मतदाताओं के लिए 2 व 9 मार्च को सवेतन अवकाश

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने उन क्षेत्रों के पंजीकृत मतदाताओं के लिए 2 मार्च और 9 मार्च को अवकाश घोषित किया है, जहां निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं के चुनाव होने हैं।

### प्रोफेसर्स का दावा, दोबारा मिलेगी नौकरी

**चंडीगढ़।** प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की 56 स्थायी नियुक्तियां होने से इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी, मीरपुर, रेवाड़ी में 5 से 12 वर्षों से कार्यरत 35 रिसोर्स पर्सन को तुरंत प्रभाव से हटा दिए जाने के मामले में इन प्रोफेसर्स का दावा है कि उन्हें दोबारा से रखने का आदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी से हुकटा का डेलिगेशन सीएम से कई बार मिल चुका है। अन्य जगहों पर मिल रहा है। परिस्थितियों पर संज्ञान लेते हुए सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मीरपुर के छंटनी ग्रस्त सभी 35 रिसोर्स पर्सन की सेवाएं को लेकर विचार करें।

### ऑडियो-वीडियो से साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं कर्मी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने राज्य में कार्यरत पब्लिक सर्वेंट्स को न्यायालय कार्यवाहियों में साक्ष्य प्रस्तुत करने और बतौर गवाह उपस्थित होने के लिए 'ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम' का उपयोग करने के संबंध में व्यापक निर्देश जारी किए हैं। ये गवाहों की जांच और व्यक्तियों की न्यायालय में उपस्थिति को आधुनिक ऑडियो-वीडियो तकनीक के माध्यम से सुगम बनाते हैं। पत्र के अनुसार राज्य सरकार के सभी संबद्ध अधिकारी और कर्मचारी यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे कि उनकी आधिकारिक क्षमता में साक्ष्य प्रस्तुति या गवाह के रूप में जांच ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से हो। यदि कोई न्यायालय सरकारी अधिकारी या कर्मचारी की साक्ष्य प्रस्तुति के लिए भौतिक उपस्थिति अनिवार्य करता है, तो संबंधित व्यक्ति को अपने कार्यालय प्रमुख से पूर्व अनुमति लेनी होगी।

### एसीबी करनाल की टीम ने चार्जशीट पेश की

**चंडीगढ़।** एसीबी करनाल द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार आरोपी कार्यालय जिला खाद्य एंव आपूर्ति नियन्त्रक विभाग के राजेन्द्र सिंह एएफएसओ, नीरज कुमार वधवा निरीक्षक व रामचन्द्र चौकीदार (सेवानिवृत) के विरूद्ध चार्जशीट अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत में दी है। शिकायतकर्ता विकास शर्मा द्वारा आरोप लगाया था कि राजेन्द्र सिंह एएफएसओ, नीरज कुमार वधवा निरीक्षक कार्यालय जिला खाद्य एंव आपूर्ति नियन्त्रक विभाग व रामचन्द्र चैकीदार (सेवानिवृत) ने करके उसके भाई, उसकी पत्नी व अन्य डिपो होल्डरों को वितरण किए गए अनाज पर 20 रुपये प्रति क्विंटल प्रतिमाह रिश्वत की की ऐवज में 15,000 रुपये मांगें थे।

# निकाय चुनाव का प्रचार थमा, पानीपत को छोड़कर सभी जगह मतदान कल

## प्रशासन की तैयारी पूरी, 12 मार्च को चुनाव के परिणाम घोषित होंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर चल रहा प्रचार थम गया है। पानीपत नगर निगम को छोड़कर सभी जगहों पर 2 मार्च यानी रविवार को वोटिंग होगी। 12 मार्च को चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव के मद्देनजर आबकारी एवं कराधान विभाग ने मतदान से एक दिन पूर्व और मतदान वाले दिन इन जगहों पर शराबबंदी लागू कर दी जायेगी। यह शराबबंदी 28 फरवरी शाम 6 बजे से 2 मार्च को मतदान पूर्ण होने तक लागू रहेगी। मतदान में 7 नगर निगमों गुरुग्राम, मानेसर, फरीदाबाद, हिसार, रोहतक, करनाल और यमुनानगर के मेयर पदों और सभी वार्डों के सदस्यों के लिए, अम्बाला और सोनीपत नगर निगम के मेयर के उप चुनाव होगा।

### 46 लाख 5 हजार 447 वोटर

राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि पानीपत नगर निगम को छोड़कर बाकि नगर निगमों में कुल 46 लाख 5 हजार 447 मतदाता हैं, जिनमें से 22 लाख 31 हजार 987 पुरुष, 19 लाख 64 हजार 782 महिला तथा 144 अन्य मतदाता हैं। इन नगर निगमों में कुल 252 वार्ड हैं, जिनमें 4 हजार 264 पोलिंग बूथ हैं। नगर परिषदों में कुल 5 लाख 69 हजार 164 मतदाता हैं, जिनमें से 2 लाख 95 हजार 901 पुरुष, 2 लाख 73 हजार 239 महिला और 24 अन्य मतदाता हैं। इन नगर परिषदों में कुल 152 वार्ड हैं, जिनमें 502 बूथ हैं। इसी प्रकार सभी नगर पालिकाओं में कुल 3 लाख 34 हजार 895 मतदाता हैं, जिनमें से 1 लाख 74 हजार 647 पुरुष, 1 लाख 60 हजार 229 महिला तथा 16 अन्य मतदाता हैं। इन सभी नगर पालिकाओं में कुल 347 वार्ड हैं, जिनमें 360 बूथ हैं।

### 393 संवेदनशील और 531 अति संवेदनशील मतदान केन्द्र

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि सभी उपायुक्तों ने संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर लिया है। जहां 2 मार्च को मतदान होगा वहां कुल 393 संवेदनशील और 531 अति संवेदनशील मतदान केन्द्र चिन्हित किए हैं। इन मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव करवाने के लिए एक-एक अतिरिक्त पुलिस कर्मी की व्यवस्था की जाएगी और मोबाइल पुलिस पार्टी भी इन सभी मतदान केन्द्रों का लगातार दौरा करेगी। सामान्य चुनाव पर्यवेक्षकों एंव पुलिस चुनाव पर्यवेक्षकों को भी इन मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के लिए आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम नगर निगम में 163 संवेदनशील व 256 अति संवेदनशील मतदान केन्द्र चिन्हित किए गए हैं। इसी प्रकार रोहतक नगर निगम में 68 संवेदनशील और 72 अति संवेदनशील मतदान केन्द्र चिन्हित किए हैं। हिसार नगर निगम में 42 अति संवेदनशील मतदान केंद्र चिन्हित हैं।



धनपत सिंह, राज्य निर्वाचन आयुक्त

### यहां नगर परिषद चुनाव



अम्बाला सदर, पटौदी जटौली मंडी, थानेसर व सिरसा के प्रेजीडेंट (प्रधान) तथा सभी वार्ड सदस्यों के लिए मतदान होगा। साथ ही सोहना नगर परिषद, जिला गुरुग्राम में प्रधान (प्रेजीडेंट) के पद के उप चुनाव के लिए मतदान होगा।

### नगर पालिकाओं में वोटिंग



21 नगरपालिकाओं के प्रधान पद व सभी वार्डों सदस्यों के चुनाव होंगे, साथ ही असंध, जिला करनाल एवं ईस्माईलाबाद, जिला कुरुक्षेत्र नगरपालिकाओं के प्रधान पद के लिए होने वाले उप चुनाव के लिए भी मतदान 2 मार्च को होगा।

### 9 नगर निगम : मेयर पद के लिए 39 प्रत्याशियों में मुकाबला

9 नगर निगमों में मेयर के पद के लिए 39 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें गुरुग्राम व अम्बाला नगर निगमों में भारतीय जनता पार्टी और भारतीय नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशियों में सीधी टक्कर है। इसी प्रकार 5 नगर परिषदों के प्रधान पद के लिए कुल 27 उम्मीदवार मैदान में हैं। 23 नगरपालिकाओं में प्रधान पद के लिए 151 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

### निर्विरोध चुने गए प्रतिनिधि

नगर निगम, फरीदाबाद, वार्ड-36, नगर निगम, गुरुग्राम वार्ड-22, नगर निगम, करनाल वार्ड-8 व 11 तथा नगर निगम, यमुनानगर वार्ड-9 में एक उम्मीदवार होने के कारण प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। वहीं इसी प्रकार नगर परिषद, अम्बाला सदर वार्ड-24 व नगर परिषद, थानेसर वार्ड-7 और 32 में भी प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिए गए हैं। इनके अलावा नगरपालिकाओं में 17 वार्ड सदस्यों निर्विरोध चुने गए हैं। नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं में दो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान करवाया जाएगा। जिनमें से एक मेयर और दूसरी वार्ड सदस्य के लिए होगी। जिन स्थानों पर केवल उपचुनाव हैं, वहां केवल एक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से ही मतदान करवाया जाएगा।

### पानीपत में 9 को वोटिंग

हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि नगर निगम पानीपत के चुनाव में मेयर पद के लिए 6 और 26 वार्डों में वार्ड सदस्यों के लिए 121 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। जो उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस लेना चाहें वो 1 मार्च को 3 बजे तक अपना नाम ले सकते हैं। उसी दिन चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 1 मार्च को ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और मतदान केन्द्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। 9 मार्च रविवार को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# पेपर लीक, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे सदन में उठाएगी कांग्रेस : हुड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने चंडीगढ़ स्थित नेता विपक्ष वाले सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। हुड्डा ने कहा है कि कांग्रेस विधानसभा सत्र में पेपर लीक, बेरोजगारी की समस्या, कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाएगी, क्योंकि एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं। भाजपा पेपर लीक माफिया को संरक्षण दे रही है। इस सरकार के दौरान बोर्ड की परीक्षाओं से लेकर भर्ती तक पेपर में घोटाले हुए हैं। लेकिन अब तक किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक के बाद एक घोटाले उजागर हो रहे हैं।

### किरण पर पलटवार

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उनके ऊपर और सांसद दीपेंद्र पर हमले को लेकर पलटवार किया है, उन्होंने कहा कि कौन भाजपा के साथ में मिला हुआ है, यह तो पूरी तरह से साफ हो चुका है। कांग्रेस के अंदर रहकर किरण चौधरी यही काम खुद करती रही है, इसलिए इस तरह की बयानबाजी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वे कभी भी व्यक्तिगत हमले नहीं करते लेकिन किरण चौधरी इतनी वरिष्ठ नेता होने के बावजूद इस तरह की अनर्गल बयानबाजी करने में माहिर रही है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | वर्ष 2024-25 हेतु एचएसएएम बोर्ड, भिवानी डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले बाढड़ा निर्वाचन क्षेत्र, जिला चरखी दादरी (आईडी-448) में गांव ककरोली हाती से रेहरोडा कलां तक सम्पर्क की वार्षिक मरम्मत। | बंद होने की तिथि 04.03.2025 | 5.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 eebhiwani2025.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32556/I/88/6 दि. 28.02.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड | भारतीय खाद्य निगम और हैफेड गोदामों से सम्बन्धित अनाज, स्टॉक वस्तुओं इत्यादि की लोडिंग अनलोडिंग और हैंडल करने के लिए नरवाना, उचाना और जीन्द केन्द्र में लेबर ठेकेदार फर्मों कम्पनियों और सहकारी समितियों के लिए नियुक्ति हेतु ई-निविदा। | 27.02.2025 05.03.2025 | - | www.hafed.gov.in | 9050662919 dmhafedjind@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32557/I/88/6 दि. 28.02.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | नगर पालिका कलानौर में गली स्वीपिंग, ड्रेन क्लीनिंग और झाड़ी जड़ से उखाड़ना। | 28.02.2025 10.03.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416612092 secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32561/I/88/6 दि. 28.02.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार हॉरिजंटल ऑटोक्लेव की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 28.02.2025 21.03.2025 | 2.41 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार वर्टिकल ऑटोक्लेव की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 28.02.2025 21.03.2025 | 1.01 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलैंस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 28.02.2025 21.03.2025 | 33.88 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/32566/I/88/6 दि. 28.02.25

# 500 रुपये में सिलेंडर दे रहे, प्लॉट दिए, निकाय चुनाव में लहरा रहा भाजपा का परचम : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र/फतेहाबाद



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के इस्माईलाबाद नगर पालिका की चेयरमैन प्रत्याशी मेघा बंसल और फतेहाबाद के जाखल मंडी नगर पालिका चेयरमैन प्रत्याशी सुरेंद्र मित्तल के समर्थन में जनसभाएं की। जनसभाओं में नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा तेज गति से कम कर रही है। 100 दिनों में ही 18 वादे पूरे किए और 10 पाइपलाइन में हैं। भाजपा महिलाओं को 500 रुपये में सिलेंडर दे रही है। आज 15 लाख महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं और पात्र महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। सैनी ने कहा कि पट्टेदार किसानों को जमीन का मलिक बनाया गया है। 14 शहरों के 15 हजार परिवारों को प्लॉट दिए गए हैं, बाकी पत्रों को 12 मार्च के बाद प्लॉट देंगे। उसी तरह महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये भी बजट सत्र के बाद मिलने शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा भाजपा ने संकल्प पत्र के वादे के अनुसार प्रदेश के सरकारी अस्पतालों, पीजीआई और मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस की सुविधा फ्री दी जा रही है। आज प्रदेश के किसी मरीज को महंगे इलाज के लिए परेशान नहीं होना पड़ता।

### अंबाला के डिप्टी मेयर और रतिया नगर पालिका की चेयरपर्सन भाजपा में शामिल

जाखल मंडी में जनसभा के दौरान रतिया नगर पालिका की चेयरपर्सन प्रीति खन्ना अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुई। खन्ना ने कहा कि भाजपा में ही कार्यकर्ताओं और महिलाओं का मान सम्मान किया जाता है। दूसरी ओर अंबाला में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। निकाय चुनाव के मतदान से ठीक पहले कांग्रेस के बड़े नेता अंबाला नगर निगम के डिप्टी मेयर राजेश मेहता भाजपा में शामिल हो गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### पीएम ने ली रिपोर्ट, मैंने बताया कांग्रेस जीरो पर रहेगी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गत दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात हुई। प्रधनमंत्री ने हरियाणा की डेवलपमेट के बारे में रिपोर्ट ली। बड़े प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी ली और हरियाणा को और तेज गति से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने की बात कही। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने हरियाण स्थानीय निकाय चुनाव के बारे में भी अपडेट ली। सैनी ने कहा कि मैं जनता के बलबूते पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बताकर आया हूं कि दिल्ली की तरह हरियाणा निकाय चुनाव में कांग्रेस जीरो पर आउट हो रही है।

### बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने के संबंध में कल होगी बैठक : पंकज अग्रवाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल 1 मार्च को चंडीगढ़ में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने के संबंध में बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा सभी राजनैतिक दलों को आवश्यक परिपत्र जारी किया है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने व त्रुटिरहित फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने में बूथ लेवल अधिकारी के साथ -साथ बूथ लेवल एजेंट की भी अहम जिम्मेवारी होती है। उन्होंने राजनैतिक दलों से आह्वान किया है कि यदि उन्होंने बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्तियां पहले ही कर दी है तो उनकी सूची साथ लेकर आएं।

### एन्हांसमेंट के समाधान के लिए 14 तक कर सकते हैं आवेदन

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से प्राप्त प्लॉट धारकों को बार-बार आने वाली एन्हांसमेंट की परेशानी को दूर करने की दिशा में एक और कदम उठाया है। राज्य सरकार ने विवादों से समाधान योजना 2024 के तहत प्लॉट धारकों को एक अन्य अवसर प्रदान किया है, अब उक्त प्राधिकरण से प्लॉट ले चुके लोगों को एन्हांसमेंट के समाधान के लिए 14 मई तक आवेदन करने की अनुमति दी गई है। यह जानकारी विभाग के प्रवक्ता ने दी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 62–अम्बाला/2024–25 दिनांक 27.02.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/एसएमएल (शिमला, चरण–II) सेक्शन में रेलगाड़ी के परिचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रिटेनिंग वॉल का प्रावधान तथा मौजूदा रिटेनिंग वॉल को सुदृढ़ बनाना। | 1,04,87,821 | 2,02,400 | 06 महीने | 24.03.2025 |
| 2 | एडीईएन/एसएमएल (कालका, चरण–II) सेक्शन में रेलगाड़ी के परिचालन हेतु सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रिटेनिंग वॉल का प्रावधान तथा मौजूदा रिटेनिंग वॉल को सुदृढ बनाना। | 1,56,71,029 | 2,28,400 | 06 महीने | 24.03.2025 |
| 3 | एडीईएन/एसएमएल (रैंडम रबल चिनाई कार्य) के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एसएमएल खंड में रेलगाड़ी के परिचालन हेतु सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रिटेनिंग वॉल का प्रावधान तथा मौजूदा रिटेनिंग वॉल को सुदृढ बनाना। | 74,43,581 | 1,48,900 | 06 महीने | 24.03.2025 |
| 4 | एडीईएन/एसएमएल (रैंडम रबल चिनाई कार्य) के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/केएलके सेक्शन में रेलगाड़ी के परिचालन हेतु सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रिटेनिंग वॉल का प्रावधान तथा मौजूदा रिटेनिंग वॉल को सुदृढ बनाना। | 74,43,380 | 1,48,900 | 06 महीने | 24.03.2025 |
| 5 | (01) रेल विहार स्टेडियम अंबाला कैंट में मिट्टी भरने और क्रिकेट पिच के निर्माण के माध्यम से ग्राउंड लेवलिंग का प्रावधान और (02) अंबाला कैंट में रेल विहार स्टेडियम ग्राउंड में ड्रेनेज सिस्टम और परिधीय रनिंग ट्रैक का निर्माण। | 1,58,31,977 | 2,29,200 | 04 महीने | 24.03.2025 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 649/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ओलंपिक, एशियाई और कॉमनवेल्थ खेलों की नर्सरियां खोली जाएंगी

## शिक्षण संस्थान, पंचायत, निजी खेल संस्थान कर सकते हैं आवेदन

**खिलाड़ी तैयार होंगे**

- सरकार की खेल नर्सरी योजना 2025-26 के जरिए खिलाड़ियों की नई पौध तैयार करने की प्रक्रिया शुरू
- नर्सरी खोलने के लिए संस्थान 15 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में ओलंपिक, एशियाई तथा कॉमनवेल्थ खेलों के लिए खिलाड़ियों की पौध तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए राज्य सरकार ने खेल नर्सरी योजना 2025-26 बनाई है। इस योजना के तहत स्थापित नर्सरियों में अंतरराष्ट्रीय मानदंडों को ध्यान में रख कर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार ने राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों, पंचायत और निजी खेल संस्थानों से खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन संस्थानों में केवल ओलम्पिक, एशियाई व कामनवेल्थ खेलों में सम्मिलित खेलों के लिए ही खेल नर्सरियां खोली जाएंगी। इच्छुक संस्थान विभागीय वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार की खेल नीति को देशभर में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। पिछले कई वर्षों से हरियाणा के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में किसी भी अन्य राज्य से ज्यादा मेडल लेकर आ रहे हैं।

### विजेता खिलाड़ियों को नौकरी देती है सरकार



प्रदेश सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल विजेताओं को जहां सरकारी नौकरी दी जाती हैं वही अच्छी खासी इनामी धनराशि भी दी जाती है। उन्होंने बताया कि ओलंपिक खेलों में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को हरियाणा में सर्वाधिक राशि दी जाती है। ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता को 6 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को 4 करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक विजेता को 2.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।

**गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार**

(राज्य विधायिका अधिनियम 17 ऑफ 1995 द्वारा स्थापित)
'ए+' ग्रेड एनएएसी प्रमाणित

**6वां दीक्षांत समारोह-2025**

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार का 6वां दीक्षांत समारोह सोमवार, 10 मार्च 2025 को पूर्वा. 9.00 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, भारत की माननीय राष्ट्रपति मुख्य अतिथि होंगी।

यू.जी. और पी.जी. कोर्सेज के सभी यूटीडीएस विद्यार्थी (मई, 2024 में पासआउट होने वाले), 2018 से 2024 के पीएच.डी. डिग्री धारक और दीक्षांत समारोह पंजीकरण लिंक https://web.gjuonline.ac.in/webapp/Convocation.html के तहत विश्वविद्यालय वेबसाइट www.gjust.ac.in पर उपलब्ध सम्बन्धित सूचियों के अनुरूप विश्वविद्यालय मेडल्स के प्राप्तकर्ताओं को 02 मार्च, 2025 तक ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाना चाहिए और 9 मार्च 2025 को पूर्वा. 9.00 बजे अनिवार्य रिहर्सल में भी उपस्थित होएं, जिसमें विफल रहने पर उनको दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

संवाद-1237/11/130/2025/32558/सी/88/6 दि. 28.02.25 — रजिस्ट्रार

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहित उर्फ बिट्टू उर्फ मोहित पाण्छी उर्फ मोहित उर्फ पाण्छी, पुत्रः श्री सुरेन्द्र, पताः गांव व पोस्ट पाण्छी जाटान, सोनीपत, हरियाणा** ने **FIR No. 252/2018, dated 25.05.2018, U/s 3/4 MCOC Act, पुलिस थाना अलीपुर विवेचना द्वारा स्पेशल सेल (NDR), दिल्ली** के अधीन दडनीय अपराध किया है और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहित उर्फ बिट्टू उर्फ मोहित पाण्छी उर्फ मोहित उर्फ पाण्छी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहित उर्फ बिट्टू उर्फ मोहित पाण्छी उर्फ मोहित उर्फ पाण्छी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 252/2018, dated 25.05.2018, U/s 3/4 MCOC Act, पुलिस थाना अलीपुर विवेचना द्वारा स्पेशल सेल (NDR), दिल्ली** के अभियुक्त **मोहित उर्फ बिट्टू उर्फ मोहित पाण्छी उर्फ मोहित उर्फ पाण्छी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.04.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री चंदर जीत सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–03
कमरा नं. 39, एमईए बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2489/Spl Cell/2025

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात "एक्ट") के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल-एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय "**प्रथम तल, नया बाजार रोड, कृष्णा कॉलोनी, भिवानी-127021**" के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु "जैसा है जहां है आधार, जो है जहां है आधार और बिना अवलम्ब आधार" पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन | भौतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री राजबीर 2. श्रीमती ज्ञान देवी 3. राजबीर डेयरी फार्म (प्रोस्पेक्ट नं. IL10346434) | 05- मार्च-2024 रु. 7,09,862/- (रुपये सात लाख नौ हजार आठ सौ बासठ केवल) बोली बढ़ौतरी राशि रु. 20,000/- (रुपये बीस हजार केवल) | गांव मुंढाल खुर्द, तहसील व जिला भिवानी, हरियाणा-127041 में स्थित खेवट नं. 45//36, खतौनी नं. 48, खसरा नं. 99//14 (8-0) 16 (8-0) 17 (8-0) 25 (7-7) 100//16 (8-0) 17/1 (7-12) 20/2 (3-18) 21/1 (7-2) 22/1 (0-2) 24 (8-0) 25 (8-0) में निहित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, Super_Built_Up_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 816.00, 805.00, 644.00, 734.40. | 11- फर.-2025 कुल बकाया दिनांक 05 फरवरी 2025 के अनुसार रु. 8,01,844/- (रुपये आठ लाख एक हजार आठ सौ चवालीस केवल) | रु. 6,79,000/- (रुपये छह लाख उनासी हजार केवल) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु. 67,900/- (रुपये सड़सठ हजार नौ सौ केवल) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 02 अप्रैल 2025 1100 बजे - 1400 बजे | 04 अप्रैल 2025 अप. 5.00 बजे तक | 08 अप्रैल 2025 1100 बजे - 1300 बजे |

**भुगतान का मोड** :- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने हैं। भुगतान करने के लिये आपको **https://www.iiflonehome.com** पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी** : प्रत्येक सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं।
**बकाया भुगतान हेतु – लॉगइन करें https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount**

**नियम एवं शर्तें :–**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना "निविदा प्रपत्र" जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम "बोली बढ़ौतरी राशि" के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. खरीददार को बिक्री राशि के लेन-देन / भुगतान करने के लिए टीडीएस अप्लीकेशन भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफल के पास टीडीएस प्रमाण-पत्र जमा करवाना होगा।
6. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ना चाहिए।**
7. **विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : @1800 2672 499.**
8. **सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं.** 1800 2672 499 **पर** 09:30 **बजे से** 18:00 **बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा** care@iiflonehome.com **पर ई-मेल लिखें।**
9. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में रखे गये घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा कर्जदारों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत 30 दिन की वैधानिक बिक्री सूचना**

कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वह निविदा/नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी

स्थान : भिवानी, दिनांक: 01 मार्च 2025 — हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### चेसिस नंबर मैच न होने पर तीन युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान मघर खान पुत्र मेला खान निवासी कलवानु जिला पटियाला के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों को ऐसे बाईक सहित गिरफ्तार किया था जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर और चेसिस नंबर मैच नहीं हो रहे थे। पालाखान निवासी कलवानू बताया। पुलिस ने बाईक चालक से जब कागजात मांगे तो वह कोई कागजात पेश नहीं कर पाया।

### सिरसा में हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान डिंग मंडी क्षेत्र से एक युवक को 6 ग्राम 6 मिलीग्राम हैरोइन सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान डिंग मंडी क्षेत्र में मौजूद थी। एक युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पकड़कर पूछताछ की तो कब्जे से 6 ग्राम 06 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### कार की टक्कर से बाइकर्स की मौत

**यमुनानगर।** गांव कांजनू के नजदीक कार की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के भागलपुर निवासी विजय झा ने कहा कि वह दिल्ली के नारायणा में रहता है। उसका छोटा भाई हरेराम गुरुग्राम में नौकरी करता था और वहीं पर किराए पर रहता था।

### क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम सेक्टर-43 एरिया में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर युवक से 2,58,411 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

### चार युवकों ने मां बेटे पर चार राउंड किए फायर

**यमुनानगर।** जगाधरी के दुर्गा गार्डन में बीती रात चार युवकों ने एक घर में घुसकर मां बेटे पर जान से मारने की नीयत से चार राउंड फायर किए। बाजू में गोली लगने से महिला घायल हो गई। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस जांच कर रही है।

### हिसार में प्रॉपर्टी के लालच में बुजुर्ग के साथ हैवानियत

# लालची बेटी ने मां को मारा-पीटा दांतों से काटा, वीडियो वायरल

- भाई की शिकायत पर बहन के खिलाफ केस दर्ज हुआ
- बेटी रीटा शादी के 10-15 दिन बाद ही मां निर्मला देवी के मकान मॉडर्न साकेत आजाद नगर में रहने के लिए आ गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार




हिसार। पैर पर काटने के बाद दर्द से बिलखती बुजुर्ग मां व पास बैठी बेटी।

प्रॉपर्टी के लालच में बुजुर्ग मां को बुरी तरह पीटने वाली बेटी पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में साढ़े तीन मिनट का वीडियो सामने आया जिसमें दिख रहा है कि शादीशुदा बेटी अपनी मां को बुरी तरह मार रही है। उसकी टांगों और कान पर दांतों से काट रही है। इतना ही नहीं मां को धमकाकर उसे बालों से खींचकर फर्श पर भी पटक रही है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने खुद ही मामले में एक्शन लिया और बुजुर्ग महिला का पता लगाकर मारपीट करने वाली बेटी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आजाद नगर थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस ने भाई की शिकायत पर बहन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत यह केस दर्ज हुआ है। पुलिस को दी शिकायत में आजाद नगर मॉडर्न साकेत के रहने वाले अमरदीप सिंह ने बताया कि उसकी बहन रीटा की शादी करीब दो साल पहले संजय के साथ राजस्थान के राजगढ़ के गागड़वास में हुई थी। इस शादी से उसे एक लड़का है। रीटा शादी के 10-15 दिन बाद ही मां निर्मला देवी के मकान मॉडर्न साकेत आजाद नगर में रहने के लिए आ गई। मां की उम्र करीब 60 साल साल है। उसकी बहन मां को लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। बहन शादी के बाद से ही ससुराल छोड़कर मायके में मां के घर आ गई थी। बहन रीटा मां पर मकान नाम करवाने के लिए लगातार दबाव बना रही है। उसके साथ लगातार मारपीट कर रही है और धमकियां दे रही है।

भाई ने बताया कि उसकी बहन का पति बेरोजगार है और उसे मां के मकान में रहने के लिए मजबूर कर रही है। मकान के लालच में रीटा ने मां को जबरन बंधक बनाया हुआ है। इतना ही नहीं वह उसे खाने-पीने के लिए नहीं देती और उसको यातनाएं देती है। उसकी मां का हिसार के अलावा कुरुक्षेत्र में भी मकान है। बहन ने उस मकान पर भी कब्जा किया हुआ था। मां को लगातार तंग कर रीटा ने कुरुक्षेत्र वाला मकान 65 लाख रुपये में बिकवा दिया और सारे रुपए हड़प लिए।

**बहन मां से मिलने नहीं देती**

शिकायतकर्ता बेटे ने बताया कि बहन रीटा उसे मां से मिलने नहीं देती और अपने ही मकान से बाहर निकलवा दिया है। यहां तक कि जब भी वह मां से मिलने जाता हूं तो वह गलत आरोप लगाती है।

### बुचावास में बेटी का घोड़ी पर निकाला बनवारा



**महेंद्रगढ़।** म्हारी बेटियां बेटों से कम सैं के। इस बात को साबित कर रहे हैं गांव बुचावास के सुरेश कुमार शर्मा। उन्होंने अपनी बेटी रोजी का बनवारा घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ निकाला। इस दौरान परिवार वालों ने खूब नाच गाकर खुशियां मनाई। परिवार ने बेटियों के प्रति लोगों की सोच बदलने वाला संदेश देकर एक अनूठा उदाहरण पेश कर दिया है। रोजी के पिता ने बताया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं है तो हम भी अपने पुराने रीति-रिवाजों में कुछ बदलाव करते हुए उन्हें समाज में आगे बढ़ने का पूरा अवसर दें। शादी विवाह में भी हमें उन्हें कुछ पुरानी मान्यताओं को छोड़ने के उद्देश्य से अपनी लड़की का बनवारा घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से डीजे के साथ निकाला है।

## रेवाड़ी: शराब खरीदने आए युवक को बंधक बनाया गुस्साए लोगों का ठेका बंद कराने को लेकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। शराब ठेके के बाहर हंगामा करते लोग।

रामसिंहपुरा के पास इंद्रा कॉलोनी में ठेके पर शराब लेने के लिए गए युवक का सेल्समैन के साथ 10 रुपये को लेकर विवाद हो गया। सेल्समैन ने युवक से मारपीट करते हुए उसे ठेके अंदर बंधक बना लिया। सेल्समैन ठेका बंद करने के बाद मौके से फरार हो गया। कॉलोनी के गुस्साए लोगों ने शराब ठेका बंद कराने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सेल्समैन के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद मामले को शांत किया। दुर्गा कॉलोनी निवासी कपिल कुमार वीरवार देर सायं ठेके पर शराब खरीदने के लिए गया था। पुलिस शिकायत में कपिल ने आरोप लगाया कि सेल्समैन अनिल ने उसे शराब खरीदने के बाद 10 रुपये कम वापस किए। इस बात को लेकर उसकी अनिल के साथ बहस हो गई। कपिल ने आरोप लगाया कि पैसे देने के बहाने सेल्समैन ने उसे ठेके के अंदर बुला लिया। मारपीट की गई। इसके बाद वह उसे ठेके के अंदर ही बंद करके वहां से चला गया। पुलिस कपिल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद सेल्समैन की तलाश शुरू कर दी।

### फिरोजपुर में हुए अवैध खनन को लेकर केस

**अंबाला।** भू-विज्ञान विभाग के खनन निरीक्षक सोनू ने बताया कि गत दिवस खनन विभाग एवं एंफोर्समेंट टीम ने गांव फिरोजपुर में अवैध खनन करके खनिज चोरी होने वाले क्षेत्र का मौका निरीक्षण किया गया। इस टीम में खनन रक्षक शिव चरण व जांच टीम से एएसआई प्रदीप मौजूद रहे। 2 कनाल भूमि में 2 अलग-अलग ताजा खनन के खड्डे पाए गए इसमें से लगभग 1000 मीट्रिक टन बोल्डर-ग्रेवल-सैंड खनिज का अवैध खनन होना पाया गया।

## चोरों ने मेट्रो ट्रैक से काट ली कॉपर वायर

- ट्रैक पर बिछाई जाने वाली यह कॉपर वायर बहुत महंगी होती है, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में चोरों के हौसले इस कद्र बुलंद हो गए हैं कि वे अब मेट्रो ट्रैक को ही निशाना बनाने लगे हैं। बहादुरगढ़ इलाके में छह महीने के अंदर दूसरी बार मेट्रो ट्रैक पर चढ़कर लाखों रुपये की वायर काटकर चुरा ली गई है। मेट्रो अधिकारियों की ओर से इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। सिटी पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। शिकायत में डीएमआरसी के अधिकारियों ने कहा है कि गत 25 फरवरी की अल सुबह मेन लाइन चार्ज करने की कोशिश की लेकिन चार्ज नहीं हुई। इसी दौरान मेट्रो चलने का समय हो गया। इसलिए हम फाल्ट चेक नहीं कर पाए। फिर रात को मेट्रो सेवा बंद होने के बाद चेकिंग शुरू की गई। जांच के दौरान पंडित श्रीराम मेट्रो स्टेशन से लेकर बहादुरगढ़ सिटी ट्रैक तक 54 मीटर कॉपर वायर गायब मिली। कोई अज्ञात शख्स ट्रैक पर चढ़कर वारदात को अंजाम दे गया। चोरी किए गए तार की कीमत दो लाख से अधिक है। इससे डीएमआरसी को काफी हानि हुई है। इतना ही नहीं, आरोपियों ने मेट्रो सेवा को भी बड़ा नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया है। आरोपियों की तलाश कर सख्त कार्रवाई की जाए। बता दें कि ट्रैक पर बिछाई जाने वाली यह कॉपर वायर बहुत महंगी होती है। बहादुरगढ़ में बीते छह महीने में यह दूसरी वारदात है। इससे पहले 18 अगस्त को वारदात हुई थी। इसके अलावा दिल्ली में भी कई जगह इस तरह की वारदात हो चुकी हैं। प्रोफेशनल गिरोह के द्वारा ये वारदातें किए जाने की बात सामने आ रही हैं।

### पॉलिसी कैंसिल करने के नाम पर हजारों ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने पॉलिसी कैंसिल करने की एवज में जीएसटी के नाम पर एक व्यक्ति से 49 हजार 500 रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में फर्रुखनगर के ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि उसने अक्सा बजाज व आईसीआईसीआई प्रूडेशियल से पॉलिसी कराई हुई है।

## शेयर बाजार धाराशायी होने से फतेहाबाद के 200 निवेशकों के 70 करोड़ डूबे

**फतेहाबाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ 4 मार्च से लागू करने व विदेशी निवेशकों द्वारा शेयर बाजार से सैंकड़ों करोड़ रुपये निकालने के बाद शुक्रवार को फरवरी माह के अंतिम दिन भारतीय शेयर बाजार धड़ाम से औधे मुंह गिरा। संसेक्स 1414 व निफ्टी 420 अंक नीचे गिरने से जहां देश-विदेश के लोगों को लाखों करोड़ की चपत लगी वहीं फतेहाबाद के 200 से ज्यादा निवेशकों के 70 करोड़ से ज्यादा डूब गए। फतेहाबाद के निवेशकों व शेयर ब्रोकरों के यहां मायूसी छा गई। लोग दिनभर फोन करके एक-दूसरे से बतियाते देखे गए। बता दें कि यहां करीब 20 शेयर ब्रोकर हैं। पिछले कई दिनों से शेयर बाजार में गिरावट का दौर चल रहा है। सितम्बर 2024 में निफ्टी 26200 के करीब व सोने के दाम 60 हजार के करीब चल रहे थे तो यहां के लोगों ने शेयर बाजार में पैसे लगाए।

### कैथल में हर्षित हत्याकांड में 13 जून 2022 को केस दर्ज हुआ था

## हत्या के पांच दोषियों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



झूला झूलने के विवाद में वारदात को दिया था अंजाम

अतिरिक्त सेशन जज डॉ नंदिता कौशिक की अदालत ने हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए पांच युवकों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इनमें से चार युवकों पर 60500 तथा एक पर 70500 रुपए जुर्माना किया गया है। जुर्माना न देने पर पांच महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस केस में एक अभियुक्त सलीम पीओ हो चुका है जबकि एक नाबालिग का ट्रायल जुविनाइल कोर्ट में लंबित है। मामले में 6 अन्य अभियुक्तों विशाल, सावन, पवन, दीपक, गौरव, दिलप्रीत के खिलाफ साक्ष्य न होने के कारण उन्हें बरी कर दिया। इस बारे में मृतक के चाचा गौरव कुमार ने 13 जून 2022 को थाना गुहला में हत्या का केस दर्ज करवाया था। अभियोजन पक्ष की ओर से केस की पैरवी उप जिला न्यायवादी सुखदीप सिंह ने की। कोर्ट फाइल के हवाले से सुखदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता गौरव का 19 वर्षीय भतीजा हर्षित 12 जून 2022 को पीर बाबा नौ बहार का मेला देखने के लिए गया हुआ था। वहां झूला झूलने को लेकर हर्षित की व सलीम, राहुल वासी सेगा प्लाट की आपस में कहा सुनी हो गई। गौरव ने बीच बचाव करके झगड़ा शांत करवा दिया और सलीम व राहुल वहां से चले गए। करीब 15/20 मिनट बाद हर्षित मेले में लगे झूलों की तरफ जा रहा था तो सलीम, राहुल, नाबलिग, कमली, साहिल उर्फ शैली, सन्नी तथा बन्टी नामक युवकों ने हर्षित का रास्ता रोक लिया और उसे पीटना शुरू कर दिया। राहुल ने चाकू के वार हर्षित के सिर, नाक व कमर पर किए। शोर सुनकर गौरव व अन्य आये तो सलीम, राहुल, नाबालिग, कमली, शैली, सन्नी वासी सेगा प्लाट तथा बन्टी उर्फ कर्ण वासी थेह नेवल मौके से भाग गये।

### बीमा राशि हड़पने के लिए खुद को मरा दिखाने वाले को उम्र कैद

**हिसार।** एडीजे गगनदीप मित्तल की अदालत ने 1.41 करोड़ की बीमा राशि हड़पने के लिए खुद को मरा दिखाने वाले व्यक्ति को उम्र कैद की सजा सुनाई है। मामले के अनुसार राममेहर नाम के व्यक्ति ने 6 अक्टूबर 2020 को खुद के जैसे दिखने वाले रमलू का गला रेतकर उसे कार में बंद कर जिंदा जला दिया। अदालत ने शुक्रवार को सुनाए अपने फैसले में राममेहर के साथ हत्या की योजना में शामिल महिला रानी और सुनीता को अंडर गोन (जितनी सजा काट ली उसी में सजा) कर दिया है। साथ ही कोर्ट ने रमलू के परिवार को मुआवजा देने का भी आदेश दिया।

**अनुमोदन** 19 ऑनलाइन प्रोग्राम में 6 हजार से अधिक छात्रों ने किया पंजीकरण

## कुवि की बैठक में 697.15 करोड़ का बजट पारित

- कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कुवि विश्वविद्यालय की 76वीं कोर्ट की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में शुक्रवार को विश्वविद्यालय कोर्ट की 76वीं में बैठक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर केयू कोर्ट में विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 697.15 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पारित किया, जिसे पूर्व में मंगलवार को कार्यकारिणी परिषद द्वारा भी अनुमोदित किया गया था। कोर्ट की बैठक में लोक सम्पर्क विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट को भी पारित किया गया। बैठक में 6 मार्च 2024 को हुई कोर्ट के मिनट्स व निर्णयों को पारित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पीपीटी के माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की शोध, सांस्कृतिक, शैक्षणिक व खेल उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन के बाद सबसे उच्चतम ग्रेड ए-प्लस-प्लस यूनिवर्सिटी होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने देश में सर्वप्रथम एनईपी-2020 को इसके सभी प्रावधानों के साथ लागू किया है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी के तहत चलाए जा रहे 19 ऑनलाइन प्रोग्राम में 6हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय ने पिछले वर्ष जिन नई नीतियों एवं पाठ्यक्रमों को लागू किया गया है उनको कोर्ट की बैठक में संस्तुति प्रदान की गई। कोर्ट की बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. एस.एम. गुप्ता को एकेडमिक काउंसिल का सदस्य चुना गया व इसके साथ ही बैठक में कोर्ट के नए सदस्यों का स्वागत भी किया गया। इस बैठक में कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, वित्त अधिकारी प्रो. रमेश दलाल, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. पुष्पा, प्रो. उषा रानी, प्रो. संजीव अरोड़ा, विजय सभरवाल, रोशन लाल गुप्ता, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला, सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा सहित कोर्ट के सदस्य मौजूद थे।

**कार्यकारिणी परिषद के लिए होगा चुनाव**

76वीं कोर्ट की बैठक में कोर्ट के सदस्यों द्वारा अपने में से महाविद्यालय के एक शिक्षक (प्रधानाचार्य के अलावा) को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अधिनियम एवं स्थिति 1986 के अन्तर्गत कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में निर्वाचित करने लिए दयाल सिंह कॉलेज के शिक्षक डॉ. परवीन कुमार, गवर्नमेंट कॉलेज कालका से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीरू तथा भगवान परशुराम कॉलेज से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेश पराशर के बीच चुनाव के माध्यम से कार्यकारिणी परिषद का सदस्य चुना जाएगा।



# आज से एलपीजी सिलेंडर से लेकर म्यूचुअल फंड और एफडी में होंगे बड़े बदलाव

## एलआईसी को 479.88 करोड़ का जीएसटी मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कहा कि उसे वित्त वर्ष 2020-21 के लिए माल और सेवा कर (जीएसटी) के कम भुगतान के लिए 479.88 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है।

एलआईसी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि कंपनी को 27 फरवरी को राज्य कर उपायुक्त, मुंबई से महाराष्ट्र के लिए ब्याज और जुर्माने के लिए एक मांग आदेश प्राप्त हुआ है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ आम आदमी के जेब पर दिखेगा असर

1 मार्च 2025 से कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं, जो आपकी जेब और रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा असर डालेंगे। इन बदलावों में एलपीजी सिलेंडर की कीमतें, म्यूचुअल फंड से जुड़े नियम, फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के नियम, बैंकों की छुट्टियां और यूपीआई पेमेंट सिस्टम शामिल हैं। हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा करती हैं। 1 मार्च 2025 को भी गैस सिलेंडर की नई कीमतें जारी की जा सकती हैं, जिससे सिलेंडर सस्ता या महंगा हो सकता है। यह बदलाव आपके घरेलू बजट पर सीधा प्रभाव डालेगा क्योंकि एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ने से रसोई खर्च बढ़ सकता है और घटाने से राहत मिल सकती है। बता दें, 1 फरवरी को 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में कटौती देखने को मिली थी।

### फिक्स्ड डिपॉजिट के नियम

1 मार्च से एफडी के नियमों में बदलाव होने जा रहे हैं। बैंकों ने एफडी पर मिलने वाली ब्याज दरों में बदलाव किए हैं, जो आपके निवेश पर रिटर्न को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा, टैक्स और निकासी के तरीकों पर भी असर पड़ सकता है। अगर आप एफडी में निवेश करने की सोच रहे हैं, तो इन बदलावों को समझना आपके लिए फायदेमंद होगा।

■ बैंकों ने एफडी पर मिलने वाले ब्याज दरों में बदलाव किए गए




### म्यूचुअल फंड से जुड़ा नियम बदलेगा

सेबी ने म्यूचुअल फंड और डीमैट अकाउंट्स में नॉमिनेशन के नियमों में 1 मार्च 2025 से बड़े बदलाव किए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब निवेशक अपने डीमैट अकाउंट्स या म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो में 10 लोगों को नॉमिनी बना सकेंगे।

### यूपीआई पेमेंट सिस्टम

यूपीआई पेमेंट सिस्टम में भी बदलाव होने जा रहे हैं। नए नियम के तहत, बीमा-एएसबी सर्विस को यूपीआई सिस्टम में जोड़ा जा रहा है, जिससे लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी होल्डर अपने प्रीमियम पेमेंट के लिए पहले से अमाउंट ब्लॉक कर सकेंगे। यह बदलाव बीमा प्रीमियम के भुगतान को और अधिक आसान बनाएगा।

### बैंकों की छुट्टियां

मार्च 2025 में बैंकों की छुट्टियों में भी बदलाव होगा। इस महीने में बैंक 14 दिन बंद रहेंगे, जिससे बैंकिंग सेवाओं के लिए पहले से योजना बनानी होगी। यह बदलाव आपके वित्तीय लेन-देन को प्रभावित कर सकता है। इन सभी बदलावों के साथ, 1 मार्च 2025 से आपकी वित्तीय योजनाओं और रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे टूटकर 87.46 पर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे कमजोर होकर 87.46 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा कई देशों पर शुल्क लगाए जाने से वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मच गई है। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता होने से अमेरिकी डॉलर सूचकांक में भी अस्थिरता हो गई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में



रुपया 87.32 पर खुला और कारोबार के दौरान 87.53 प्रति डॉलर के निचले स्तर एवं 87.46 प्रति डॉलर के उच्च स्तर तक गया। कारोबार के अंत में रुपया 87.46 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 28 पैसे की गिरावट है।

बृहस्पतिवार को रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 87.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## भारत को उच्च आय वाला देश बनने 7.8% वृद्धि की जरूरत

भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने वृद्धि करनी होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ विश्व बैंक ने जारी रिपोर्ट में दी जानकारी

भारत को वर्ष 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के लिए औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करनी होगी। विश्व बैंक की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। विश्व बैंक ने 'एक पीढ़ी में उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनना' शीर्षक से जारी अपने भारत देश ज्ञापन में कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को वित्तीय क्षेत्र के साथ भूमि एवं श्रम बाजारों में भी सुधार करने होंगे। वर्ष 2000 से 2024 के



बीच भारत की औसत वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने को मान्यता देते हुए यह रिपोर्ट कहती है कि भारत की पिछली उपलब्धियां उसकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के लिए आधार प्रदान करती हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है, "हालांकि 2047 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य तक पहुंचना सामान्य स्थिति में संभव नहीं होगा... इसके लिए भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई (सकल राष्ट्रीय आय) को वर्तमान स्तरों से लगभग आठ गुना बढ़ाना होगा, वृद्धि को और तेज करना होगा और अगले दो दशकों तक ऊंचे स्तर पर बने रहना होगा।

### त्वरित पैकेज सुधार ही एक रास्ता

इसके साथ ही व्यापक आर्थिक स्थिरता को भी बढ़ावा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, "साल 2047 तक उच्च आय तक पहुंचने के लिए आने वाले दशकों में भारत की वृद्धि दर वास्तविक रूप से औसतन 7.8 प्रतिशत होनी चाहिए... केवल 'त्वरित सुधार' पैकेज ही भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के रास्ते पर ला सकता है।"

## भारत, जापान ने 75 अरब डॉलर के मुद्रा विनिमय समझौते को नवीनीकृत किया

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारत और जापान ने 75 अरब डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते को नवीनीकृत किया है। द्विपक्षीय विनिमय व्यवस्था (बीएसए) एक दो-तरफा व्यवस्था होती है जिसमें दोनों प्राधिकरण डॉलर के बदले अपनी स्थानीय मुद्राओं की अदला-बदली कर सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जापान के वित्त मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत बैंक ऑफ जापान और भारतीय रिजर्व बैंक ने बीएसए के दूसरे संशोधन और पुनर्संरचना समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। नवीनीकृत बीएसए शुक्रवार (28 फरवरी, 2025) से प्रभावी हो गया है। आरबीआई ने कहा कि बीएसए का आकार 75 अरब डॉलर तक पर अपरिवर्तित बना रहेगा। जापान और भारत का मानना है कि बीएसए दोनों देशों के बीच वित्तीय सहयोग को गहरा करेगा तथा क्षेत्रीय और वैश्विक वित्तीय स्थिरता में योगदान देगा।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Ravi**
Additional Civil Judge (Senior Division),
**Lalita**
**Vs.**
**Parkash**
CNR No. HRJR02-001132-2020
Next Date : 04.08.2025
CS/889/2020

The Plaintiff prays for declaration that he is valid title holder for property
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Dharambir S/o Rattan Singh R/o Village Kulana Tehsil and Distt. Jhajjar**

In above titled case, the defendant (Dharambir S/o Rattan Singh R/o Village Kulana Tehsil and Distt. Jhajjar)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **04.08.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Sh. Ravi, Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 27.02.2025

छत्तीसगढ़, उच्च न्यायालय, बिलासपुर
(Paper Publication Notice)
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना नोटिस
(अधिनियम क्रमांक 5 सन 1908 आदेश इकतालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक ARBR No. 39/2024
**Galax Infra and Sports Vs Tuna Envirotech Private Ltd.**
Application U/S 11 (6) of of the Arbitration and conciliation act, 1996 for appointment of arbitrator के लिये आवेदन किया गया है।
प्रति, **Respondent - Tuna Envirotech Private Limited, 4f-05, Global Foyer, Golf Course Road, Sector-43, Gurugram, Haryana (India)**
कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील **Galax Infra and Sports,** द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीकृत की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 28/03/2025 को नियत की गई है। आपत्तियां / प्रतिआपत्तियां यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से नियत तिथि के पूर्व फाइल की जानी चाहिए।
आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए किन्तु यदि न्यायालय के काम काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। यदि अपनी ओर से आप स्वयं आपका वकील या इस के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जाएगी और निर्णय दिया जाएगा।
आज दिनांक 22/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर की मुहर से दिया गया।
असिस्टेंट रजिस्टार
सिविल शाखा

## क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन, एथेरियम डॉगकॉइन हुई धड़ाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिप्टोकरेंसी में इस समय भूचाल आया हुआ है। बिटकॉइन, एथेरियम, डॉगकॉइन समेत कई बड़ी-बड़ी क्रिप्टोकरेंसी धड़ाम हो गई हैं। पिछले 5 दिनों में इनकी कीमत 20 फीसदी से ज्यादा तक गिर गई है। सबसे ज्यादा नुकसान दुनिया की दूसरी सबसे महंगी क्रिप्टो एथेरियम को हुआ है। वहीं पिछले 24 घंटे में भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं रही है। दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत पिछले 24 घंटे में 5 फीसदी से ज्यादा गिर गई है। शुक्रवार शाम इसकी कीमत 69.94 लाख रुपए थी। वहीं पिछले 5 दिनों में इसमें करीब 16 फीसदी की गिरावट आई है। एक महीने में स्थिति और बुरी रही है। पिछले एक महीने में बिटकॉइन की कीमत 22 फीसदी गिर गई है।

### एथेरियम एक माह में 30 फीसदी लुढ़की

*बिटकॉइन के बाद यह दुनिया की दूसरी सबसे महंगी करेंसी है। शुक्रवार को इसमें 7 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई। शाम इसकी कीमत 1.86 लाख रुपए थी। वहीं पिछले 5 दिन की बात करें तो इसमें 23 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। बड़ी-बड़ी क्रिप्टोकरेंसी में एथेरियम में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। वहीं बात अगर एक महीने की करें तो यह 30 फीसदी से ज्यादा लुढ़क चुकी है।*

### रिपल एक माह में 33 फीसदी गिर चुकी

इस क्रिप्टोकरेंसी का नाम भी टॉप की क्रिप्टो में आता है। लेकिन गिरावट के दौर से यह भी नहीं बची है। शुक्रवार को यह 7 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 177.76 रुपए थी। पिछले 5 दिनों में इसमें करीब 20 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं एक महीने में यह क्रिप्टो 33 फीसदी गिर चुकी है।

### मस्क की पसंदीदा करेंसी डॉगकॉइन

इस क्रिप्टोकरेंसी को दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की फेवरेट करेंसी भी कहा जाता है। डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद इसमें काफी तेजी आई थी, लेकिन अब गिरावट आ रही है।

## तुहिन पांडेय: 3 साल बाद नौकरशाह बने बाजार नियामक सेबी के प्रमुख

**नई दिल्ली (भाषा)।** अनुभवी नौकरशाह और नियमों के पक्के वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय तीन साल के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख होंगे। पांडेय 1987 बैच के ओडिशा कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। वह माधबी पुरी बुच की जगह लेंगे, जिनका तीन साल का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो रहा है। बुच सेबी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला और निजी क्षेत्र से चुनी गईं पहली सेबी चेयरपर्सन भी हैं। सेबी प्रमुख का पद ज्यादातर अनुभवी नौकरशाहों के पास रहा है। यह हालिया महीनों में किसी नियामक संस्था के शीर्ष पर नौकरशाह की दूसरी नियुक्ति है। दिसंबर 2024 में सरकार ने



शक्तिकान्त दास की सेवानिवृत्ति के बाद राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का गवर्नर नियुक्त किया था। बुच ने अपने कार्यकाल में इक्विटी के तेजी से निपटान, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) खुलासे में वृद्धि तथा म्यूचुअल फंड पैठ बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की, लेकिन उनके कार्यकाल के अंतिम वर्ष में काफी विवाद हुआ जब सेबी के कर्मचारियों ने ''कामकाज के गलत तरीकों'' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। साथ ही अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग तथा विपक्षी दल कांग्रेस ने भी उनपर कई आरोप लगाए थे। इस पृष्ठभूमि में, सरकार ने एक अनुभवी नौकरशाह पांडेय को नियामक निकाय का प्रमुख चुना, जिनके पास सरकार के विनिवेश व निजीकरण कार्यक्रमों को संभालने का व्यापक अनुभव है। मृदुभाषी पांडेय नियम पुस्तिका का पालन करने और काम पूरा करने के लिए पहचाने जाते हैं। दीपम (डीआईपीएएम) सचिव के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान ही एयर इंडिया का निजीकरण किया गया था, जबकि ऐसा करने के कई प्रयास पहले असफल रहे थे। पांडेय ने आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की योजनाओं की भी देखरेख की।

FORM - IV
**Statement of ownership and other particulars about Hari Bhoomi as required by Registration of Newspapers (Central) Rules 1956 :**
1. Place of Publication : Hari Bhoomi, Near Indus Public School, Delhi Road, Rohtak-124001
2. Periodicity of Publication : Daily
3. Printer's Name : Davender Singh
   Nationality : Indian
   Address : Hari Bhoomi, Near Indus Public School, Delhi Road, Rohtak-124001
4. Publisher's Name : Davender Singh
   Nationality : Indian
   Address : As above
5. Editor's Name : Dr. Himanshu Dwivedi
   Nationality : Indian
   Address : Hari Bhoomi, Near Indus Public School, Delhi Road, Rohtak-124001
   Hari Bhoomi, is owned by Hari Bhoomi Communications Private Limited, 129, Transport Centre, Panjabi Bagh, West Delhi-110035 having following share holders holding more than one percent of the total capital :
i) Abhimanyu Sindhu, 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
ii) Sarvesh Sindhu 23 Rajdoot Marg, Chanakyapuri, New Delhi - 110021
iii) Vir Sen Sindhu 1, Garud Nagar, Gevra Project, Korba, Chhattisgarh - 495452
iv) Vrit Pal Sindhu 23 Rajdoot Marg, Chanakyapuri, New Delhi - 110021
v) Satya Pal Sindhu 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
vi) Anika Sindhu 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
vii) Swasti Sindhu 53-57, Sector - 14, Rohtak, Haryana - 124001
viii) Rachna Sindhu 53-57, Sector - 14, Rohtak, Haryana - 124001
ix) M/s Indus Edumanagement Services Private Limited 129, Transport Centre, Punjabi Bagh, West Delhi-110035
x) Paramitra Holdings Private Limited, 129, Transport Centre, Punjabi Bagh, West Delhi-110035

I, Davender Singh, hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.
Sd/-
Davender Singh
Publisher
Dt. 01-03-2025

कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, जीन्द।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड जीन्द हेतु मनरेगा सोशल ऑडिट कैलेण्डर अनुसार कार्य करवाने हेतु ब्लॉक रिसॉर्स पर्सन (बी0आर0पी0) की नियुक्ति प्रति कार्य दिवस राशि 750 रूपये (यात्रा भत्ता सहित) के मानदेय के आधार पर की जानी है। अभ्यार्थी स्नातक पास, कम्पयूटर का ज्ञान व एण्ड्रायड फोन का ज्ञान होना अनिवार्य। प्रार्थी को सोशल ऑडिट/ सोशल वर्क / समाज सेवा / जन स्वास्थ्य/मनरेगा/पी0एम0ए0वाई - जी में कार्य करने का एक साल का अनुभव होना चाहिए। पहले कार्यरत बी0आर0पी0 सोशल ऑडिट को वरीयता दी जायेगी। रिपोर्ट अपलोड़ करने पर बी0आर0पी0 को मानदेय की अदायगी की जायेगी। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप खण्ड कार्यालय की मनरेगा शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन सम्बन्धित दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 03.03.2025 से 07.03.2025 तक मनरेगा शाखा में किसी भी कार्य दिवस में जमा करवा सकते है।
नोट: पद हेतु साक्षात्कार की तिथि 10.03.2025 समय: 12 बजे दोपहर
स्थान : उपमण्डल अधिकारी (नागरिक) कार्यालय जींद

आवश्यक सूचना
बाल भवन, बावल के लिए एक सफाई कर्मचारी-कम-माली के अस्थाई व संविदा आधार के पद (मासिक वेतन 15000/- रूपये) हेतू आवेदन 12.03.2025 तक सभी दस्तावेजों के साथ सादे कागज पर निम्न पते पर आमंत्रित किए जाते हैं। प्रार्थी की आयु 21-42 वर्ष, पढ़ने लिखने का ज्ञान व सफाई एवं माली के कार्य का अनुभव। बावल के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रार्थना पत्र के साथ आयु-रिहायश, जाति, अनुभव व शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों की फोटो प्रति व फोटो साथ लगाएं। देरी से प्राप्त व अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
हस्ता/-जिला बाल कल्याण अधिकारी
बाल भवन, मॉडल टाउन
रेवाड़ी

उत्तर रेलवे
ई सूचना नीलामी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ एस उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी। भारत के राष्ट्रपति की ओर से 02 वर्षों की अवधि के लिए अंबाला मंडल में विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक वैन के एसएलआर/एसएलआरडी कम्पार्टमेंट में पार्सल स्पेस (4 एमटी/3.9 एमटी) को पट्टे पर देने के अनुबंध के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई-नीलामी लीजिंग के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं :

| क्र. सं. | नीलामी केटलाग सं | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMB-SLR-02-25 (16 lots) | 06-03-2025/12:00 | 06-03-2025/15:00 |

बयाना राशि (EMD) – बोली का 5% (सालाना गणना)

| SN. | Auction Catalogue No. & Train Details. |
|---|---|
| | UMB-SLR-02-25 (16 lots) |
| 1 | 14218 (FSLR-II, RSLR-I) |
| 2 | 14242 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 3 | 14522 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 4 | 14524 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 5 | 19412 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 6 | 22452 (FSLR-I) |
| 7 | 12450 (FSLR-I) |

ई नीलामी में भाग लेने या ईजानकारी अन्य किसी संबन्धित से नीलामी, जैसे कि एकपंजीकरण बार-एस०बी०आई० चालू खाते को आई० आर० ई०पी०एस० से जोड़ने, पुनग्रहणाधिकार राशि को चिन्हित करने, इत्यादि हेतु, भावी बोलीदाताओं को **www.ireps.gov.in** पर जाने की सलाह दी जाती है।
663/2025 वरि0 मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ एस, अंबाला छावनी
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिकित्सा
बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में 4.6 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ कोयला उत्पादन 4.6 % बढ़ा

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी महीने में बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गयी जो एक साल पहले इसी महीने में 4.2 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2024 में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत थी। इस साल जनवरी में कोयला उत्पादन 4.6 प्रतिशत, इस्पात उत्पादन 3.7 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 1.3 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल इसी महीने में इन उद्योगों में क्रमशः 10.6 प्रतिशत, 9.2 प्रतिशत और 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक और सीमेंट का उत्पादन बढ़कर क्रमशः 8.3 प्रतिशत, तीन प्रतिशत और 14.5 प्रतिशत हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही। जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 7.8 प्रतिशत थी।



### आईआईपी का 40.27 फीसदी योगदान

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान है, जो समग्र स्तर पर औद्योगिक वृद्धि को मापता है।

## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


## शब्द पहेली - 5793




**बाएँ से दाए-**
1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**
2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

### शब्द पहेली -5792 का हल





# इंटरनेशनल मास्टर लीग: सचिन-लारा के बीच 8 को होगी भिड़ंत, 500 रुपये में मिलेगा सबसे सस्ता टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंटरनेशनल मास्टर लीग का आगाज मुंबई से हो चुका है। इस बार 6 देशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस लीग का 12वां मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच राजधानी के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में खेला जाएगा। इस लीग में क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, पठान ब्रदर्स के साथ-साथ वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा भी एक बार फिर से मैदान में उतरेंगे और चौके-छक्कों की बौछार करेंगे।

रायपुर में कुल 6 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच भी होंगे। ये मैच दर्शकों के लिए खास होंगे, क्योंकि उन्हें स्टेडियम में लाइव देखना का मौका मिलेगा। मैच की तैयारियां जोरों पर हैं, और ऑनलाइन टिकट बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। बता दें कि लीग के मैचों के लिए मुंबई, लखनऊ और रायपुर का चयन किया गया है।

- लीग के 7 मैच रायपुर में खेले जाएंगे, इंडिया का एक ही मैच होगा
- रायपुर में होंगे दो सेमीफाइनल और फाइनल






## पहले दिन महंगी टिकटों की बिक्री

क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों को देखने के लिए लोगों ने टिकट खरीदने शुरू कर दिए हैं। स्टेडियम में सबसे सस्ती टिकट 500 रुपये की है, और इसके लिए दो ब्लॉक विशेष रूप से निर्धारित किए गए हैं। वहीं, लोअर टिकट की कीमत 1000 रुपये है, गोल्ड टिकट की कीमत 6000 रुपये, प्लेटिनियम टिकट 8000 रुपये और कॉर्पोरेट बॉक्स टिकट 10,000 रुपये रखी गई है। केवल इंडिया और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले मैच की टिकट की कीमत भी काफी महंगी है। बाकी मैचों की टिकट की शुरुआत 100 रुपये से हो रही है, जो कि काफी सस्ती मानी जा रही है।

## 7 मार्च को रायपुर में आएंगे खिलाड़ी

लीग मैचों में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन दिखाया है। ऐसे में संभावना है कि इंडिया फाइनल में पहुंच सकता है। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह एक खुशी की खबर है कि फाइनल मैच रायपुर में आयोजित होगा। 7 मार्च को खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे और शाम या सुबह के समय मैदान में अभ्यास करेंगे। मैच 7:30 बजे से शुरू होगा, और इस मैच को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। फाइनल के लिए क्रिकेट प्रेमी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## इस दिन होंगे मैच

8 मार्च : इंडिया मास्टर्स बनाम वेस्टइंडीज मास्टर्स
10 मार्च : श्रीलंका मास्टर्स बनाम इंग्लैंड मास्टर्स
11 मार्च : वेस्टइंडीज मास्टर्स बनाम दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स
12 मार्च : इंग्लैंड मास्टर्स बनाम ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स
13 मार्च : सेमीफाइनल 1
14 मार्च : सेमीफाइनल 2
16 मार्च : फाइनल

रायपुर आएंगी ये टीमें
इंडिया मास्टर्स : सचिन तेंदुलकर
ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स : शेन वॉटसन
इंग्लैंड मास्टर्स : इयोन मोर्गन
श्रीलंका मास्टर्स : कुमार संगकारा
वेस्टइंडीज मास्टर्स : ब्रायन लारा
साउथ अफ्रीका मास्टर्स : जैक्स कैलिस

## खबर संक्षेप



### आरसीबी के सामने अब दिल्ली की कड़ी चुनौती

बेंगलुरु। अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में पराजय का कड़वा घूंट पीने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम को अब महिला प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। गत चैंपियन आरसीबी ने वड़ोदरा में खेले गए अपने पहले दो मैच में जीत हासिल की थी लेकिन इसके बाद जब टूर्नामेंट का दूसरा चरण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाने लगा तो उसे उम्मीद के विपरीत तीन मैच में हार झेलनी पड़ी।

### दिल्ली ने मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से हराया

बेंगलुरू। दिल्ली कैपिटल्स ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैम्पियन मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग की तालिका में शुक्रवार को शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया। पहले गेंदबाजी करने वाली दिल्ली टीम ने पहले सत्र की विजेता मुंबई इंडियंस को नौ विकेट पर 123 रन पर रोक दिया। जोनासेन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 25 रन देकर तीन अहम विकेट लिये। जवाब में दिल्ली के लिये कप्तान मेग लैनिंग ने 49 गेंद में नाबाद 60 और शेफाली वर्मा ने 28 गेंद में 43 रन बनाकर दिल्ली को शानदार शुरूआत दी।

### बारिश के कारण मैच बेनतीजा, दोनों को एक-एक अंक मिला

# अफगानिस्तान के खिलाफ मैच बारिश में धुला आस्ट्रेलिया चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| लाहौर

अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी का अहम मुकाबला बारिश के कारण शुक्रवार को रद्द होने के बाद आस्ट्रेलिया ने चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच उस समय बारिश के कारण रोकना पड़ा जब 274 रन के लक्ष्य के जवाब में आस्ट्रेलिया ने 12.5 ओवर में एक विकेट पर 109 रन बना लिये थे। मैदानकर्मियों की तमाम कोशिशों के बावजूद पिच पर कई जगह पानी भर गया था जिसे देखकर अंपायरों ने मुआयने के बाद मैच को रद्द करने का फैसला किया। मैच पूरा करने के कटआफ समय से एक घंटा पहले बारिश आ गई थी। आस्ट्रेलिया ने चार अंक लेकर सेमीफाइनल में जगह बनाई । दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी में उसका पिछला मैच भी बारिश के कारण रद्द हो गया था। बारिश के समय ट्रेविस हेड 40 गेंद में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 59 रन बनाकर खेल रहे थे ।उन्हें छह के स्कोर पर फजलहक फारूकी की गेंद पर मिडआन में राशिद खान ने जीवनदान भी दिया जिसका उन्होंने भरपूर फायदा उठाया। दूसरे छोर पर कप्तान स्टीव स्मिथ ने 22 गेंद में 19 रन बनाये थे। अब अफगानिस्तान के अंतिम चार में पहुंचने की उम्मीदें कम ही रह गई है । उसे दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के मैच के नतीजे का इंतजार करना होगा । अगर दक्षिण अफ्रीका जीतता है तो ग्रुप में शीर्ष पर रहेगा । इंग्लैंड के जीतने पर दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के तीन तीन अंक होंगे जिससे बात नेट रनरेट पर आ जायेगी। अफगानिस्तान का नेट रनरेट अभी माइनस 0.99 है और वह तभी बाहर होने से बच सकता है जब दक्षिण अफ्रीका 200 रन से अधिक के अंतर से हार जाये। इससे पहले सेदिकुल्लाह अटल के 85 रन और अजमतुल्लाह उमरजइ के 67 रन की मदद से अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 273 रन बनाये।

- अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर चुनी बल्लेबाजी
- सेदिकुल्लाह अटल ने खेली 85 रन की पारी



### शीर्ष गेंदबाज नहीं खेल रहे मैच

चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया टीम अपने प्रमुख गेंदबाजों के बिना खेल रही है। मिचेल मार्श, जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं हैं। दूसरी ओर मार्कस स्टोइनिस ने इवेंट से पहले ही संन्यास का ऐलान कर दिया है। ऐसे में टीम की गेंदबाजी लाइनअप में अनुभव की कमी साफ झलक रही है।

### मुफ्त में दे दिए 37 रन

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने अफगानिस्तान के खिलाफ 37 एक्ट्रा रन दे दिए। स्पेंसर जॉनसन, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट ने वाइड बॉल कीं। अफगानिस्तान की ओर से रहमानुल्लाह गुरबाज का खाता नहीं खुला। वहीं रहमत शाह ने 12, मोहम्मद नबी ने 1, गुलबदीन नायब ने 4 और नूर अहमद ने 6 रन बनाए। ये 5 बल्लेबाज मिलकर 23 रन ही बना पाए। दूसरी ओर टीम को 37 रन मुफ्त में मिल गए।

### एक पारी में अतिरिक्त रन

| रन | टीम | खिलाफ | शहर | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 42 | भारत | केन्या | द रोज बाउल | 2004 |
| 38 | नीदरलैंड | श्रीलंका | कोलंबो | 2002 |
| 37 | ऑस्ट्रेलिया | अफगानिस्तान | लाहौर | 2025 |
| 36 | श्रीलंका | बांग्लादेश | मोहाली | 2006 |
| 36 | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज | जोहान्सबर्ग | 2009 |

## प्रज्ञानानंद ने फिर से ड्रॉ खेली चिदंबरम ने कीमर को हराया

प्राग। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में तुर्की के गुरेल एडिज के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेल कर लगातार दूसरे मैच में अंक बांटे। अरविंद चिदंबरम ने काले मोहरों से खेलते हुए जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया। पहले दौर में चैक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ अंक बांटने वाले अरविंद ने काले मोहरों के साथ अपनी पहली जीत हासिल की। अरविंद दस खिलाड़ियों के बीच राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे।



### सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा अफ्रीका

कराची। दक्षिण अफ्रीका अपना दबदबा कायम रखते हुए शनिवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप बी के अंतिम लीग मैच में संघर्षरत इंग्लैंड पर जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगा। ग्रुप ए से भारत और न्यूजीलैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन ग्रुप बी से ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान इस दौड़ में शामिल हैं। अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में आठ रन से जीत दर्ज करके न सिर्फ इंग्लैंड को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर किया बल्कि अंतिम चार में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इन दोनों टीम के अभी तीन-तीन अंक हैं जबकि अफगानिस्तान के दो अंक हैं। इंग्लैंड की टीम को अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है क्योंकि उसकी टीम ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसके अधिकतर खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। दूसरी तरफ इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी में जो रूट पर जरूरत से ज्यादा निर्भर है। दक्षिण अफ्रीका की टीम बारिश से प्रभावित टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच खेल पाई है जिसमें उसने अफगानिस्तान को 107 रन के बड़े अंतर से हराया था।

टेनिस

## सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर के नामांकन से हटाया




एजेंसी ▶▶| लंदन

विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के नामांकन से हटा दिया गया है। इटली के इस खिलाड़ी पर डोपिंग जांच में नाकाम रहने के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगा है।

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष सीन फिट्ज़पैट्रिक ने बयान में कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी और सिनर के बीच हुए समझौते के बाद इस खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगने के कारण यह फैसला किया गया। फिट्ज़पैट्रिक ने कहा, 'लॉरियस अकादमी ने इस विषय पर चर्चा की और इसके बाद इस साल के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए यानिक सिनर का नामांकन वापस लेने का फैसला किया गया।' पिछले साल नोवाक जोकोविच ने 2023 के लिए लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था और स्पेनिश फुटबॉल स्टार ऐटाना बोनमाटी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इस साल के पुरस्कारों के लिए नामांकित किए गए खिलाड़ियों की घोषणा सोमवार को मैड्रिड में की जाएगी।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी नोटिस

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | Area | ई–कैटलॉग | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग (दो पहिया एवं अन्य पार्सल) की सुविधा हेतु ठेका | 100 sq. ft. | UMB-TWnOP-01-25 | 06.03.2025 को 15:00 बजे |
| 2 | चंडीगढ़ के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 89.16 sqm. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 3 | सिरहिंद रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2160 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 4 | गिदड़बाहा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1500 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 5 | भटिंडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2109.41 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 6 | फतेगढ़ साहिब रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 4188 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 7 | धुरी रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1872 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 8 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1440 sq.ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | बठिंडा स्टेशन के सर्कुलैटिंग एरिया में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2528 sq.ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 10 | शिमला रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1028 sq.ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 11 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2500 sq.ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 12 | बराडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 720 sq.ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 13 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 150 sq.ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 14 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 6109 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 15 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1440 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 16 | भटिंडा रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1014 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 17 | अंबाला शहर रेलवे स्टेशन पर दो पहिया (815.8 वर्ग मी) और चार पहिया (1226.12 वर्ग मी) पार्किंग हेतु ठेका। | | UMB-Mix-05-2025 | 13.03.2025 को 12:00 बजे |
| 18 | सरहिन्द रेलवे स्टेशन पर कुल 02 पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख–रखाव का ठेका। | | UMB-Mix-05-2025 | 13.03.2025 को 12:00 बजे |
| 19 | अम्बाला मंडल के कालका स्टेशन पर रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन हेतु ठेका | - | UMB-Mix-05-2025 | 13.03.2025 को 12:00 बजे |
| 20 | अंबाला कैंट व सहारनपुर स्टेशनों पर बीओसी की आपूर्ति, संचालन व रख–रखाव करते हुए, भुगतान राशि प्राप्त कर यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाना एवं उन्हीं बीओसी के ऊपर वाणिज्य विज्ञापन करने का ठेका | - | UMB-Mix-05-2025 | 13.03.2025 को 12:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये। 664/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

महत्वपूर्ण सूचना

खाटू श्याम जी मेला–2025 के लिए विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

खाटू श्याम जी मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

09725/09726 जयपुर - शकूरबस्ती - ढेहर का बालाजी मेला स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 30 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09725 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09725 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09726 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09726 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 07:00 | जयपुर जं. | ---- | ---- |
| 07:07 | 07:10 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | -- |
| 14:30 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 15:50 |

चलने की तिथि: 09725 जयपुर जं. से और 09726 शकूरबस्ती से प्रतिदिन दिनांक 01.03.2025 से 15.03.2025 तक।

स्थान : सामान्य।

ठहराव : ढेहर का बालाजी, नीन्दड़ बनाड़, चौमूं सामौद, गोविन्दगढ़ मलिकपुर, रींगस, श्री माधोपुर, कांवट, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी, झज्जर, अस्थल बोहर और बहादुरगढ़ स्टेशन

09727/09728 मदार जं.-कुरूक्षेत्र जं.-मदार जं. मेला स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09727 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09727 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09728 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09728 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:20 | मदार जं. | 08:00 | ---- |
| 19:40 | ---- | कुरूक्षेत्र जं. | ---- | 21:25 |

चलने की तिथि: 09727 मदार जं. से और 09728 कुरूक्षेत्र जं. से प्रतिदिन दिनांक 05.03.2025 से 08.03.2025 और 09.03.2025 से 12.03.2025 तक।

स्थान : सामान्य।

ठहराव : किशनगढ़, नरेना, फुलेरा, रेनवाल, रींगस, श्री माधोपुर, कांवट, नीम का थाना, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, जींद, नरवाना और कैथल स्टेशन।

विस्तृत विवरण के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन न. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

666/25
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

एन.आई.टी. 116, 117, 118, 119, 121, 122, 123, 124, 125, 126, 127, 128-2024-25-डब्ल्यू–4

1. कार्य का नाम (स्थान के साथ)

| | |
|---|---|
| 116 | डीएलआई–बीटीआई सेक्शन पर डेन–IV के सेक्शन में गैंग रेस्ट शेल्टर का प्रावधान। कार्य की समान प्रकृति: भवन/क्वार्टर का निर्माण |
| 117 | डीईएन–IV के अंतर्गत एडीईएन/आरओके के खंड में पैरापेट दीवार को ऊपर उठाना तथा पुल के पहुंच मार्गों को मजबूत करना, पुलों पर निरीक्षण सीढ़ियां उपलब्ध कराना। कार्य की समान प्रकृति: ट्रेक कार्य के अलावा कोई अन्य सिविल कार्य |
| 118 | पैरापेट दीवार को ऊपर उठाना और पुल के पहुंच मार्गों को मजबूत करना, एडीईएन/जेएचआई के सेक्शन में पुलों पर निरीक्षण सीढ़ियां उपलब्ध कराना। कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 119 | DEN-IV के अंतर्गत ADEN/ROK के सेक्शन में LC-12 और LC-18 के बीच विभिन्न स्थानों पर सेक्शन का जल निकासी कार्य। कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 121 | DEN-IV के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत NRW, TUN, KZH में पानी की पाइप लाइन की मरम्मत। कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 122 | डीईएन–IV के अंतर्गत एडीईएन/जेएचएल के अनुभाग में विभिन्न लेवल क्रॉसिंग पर सड़क की सतह, जल व्यवस्था और स्पीड ब्रेकर की मरम्मत। कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 123 | डीईएन–IV के अंतर्गत एडीईएन/जींद के अनुभाग में विभिन्न लेवल क्रॉसिंग पर सड़क की सतह, जल व्यवस्था और स्पीड ब्रेकर की मरम्मत। कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 124 | आरसीसी संरचना के संरचनात्मक सदस्यों की मरम्मत, दरारें के लिए रासायनिक एंकरिंग की विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से सतह को घिसना और एंटी कार्बोनेटिंग कोट संरक्षण के साथ सभी सुदृढ़ीकरण का उपचार और घूर्णन काटने वाले उपकरण का उपयोग करके आरसी में ड्रिलिंग छेद ADEN/JHI के तहत गहराई तक। कार्य की समान प्रकृति: प्रबलित सीमेंट कंक्रीट ओवर हेड टैंक/आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना का निर्माण/मरम्मत। |
| 125 | आरसीसी संरचना के संरचनात्मक सदस्यों की मरम्मत का कार्य, दरारों के लिए रासायनिक एंकरिंग की विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से घिसी हुई सतह और सभी सुदृढ़ीकरणों का उपचार एंटी कार्बोनेटिंग कोट सुरक्षा के साथ और घूर्णन काटने वाले उपकरण का उपयोग करके आरसी में ड्रिलिंग छेद ADEN/JHL के तहत गहराई तक किया जाता है। कार्य की समान प्रकृति: प्रबलित सीमेंट कंक्रीट ओवर हेड टैंक/आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना का निर्माण/मरम्मत |
| 126 | आरसीसी संरचना के संरचनात्मक सदस्यों की मरम्मत, दरारें के लिए रासायनिक एंकरिंग की विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से सतह को घिसना और एंटी कार्बोनेटिंग कोट संरक्षण के साथ सभी सुदृढ़ीकरण का उपचार और घूर्णन काटने वाले उपकरण का उपयोग करके आरसी में ड्रिलिंग छेद ADEN/ROK के तहत गहराई तक। कार्य की समान प्रकृति: प्रबलित सीमेंट कंक्रीट ओवर हेड टैंक/आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना का निर्माण/मरम्मत |
| 127 | ADEN/ROK अनुभाग में प्रीकास्ट ड्रेन आदि के निर्माण के माध्यम से यार्ड ड्रेनेज में सुधार कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 128 | पैरपेट दीवार को ऊपर उठाना और पुल के पहुंच मार्गों को मजबूत करना, एसएसई/डब्ल्यू/जेएचएल के खंड में पुलों पर निरीक्षण सीढ़ियाँ उपलब्ध कराना। कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. काम की अनुमानित लागत (रुपये) | 116 | ₹ 9,21,38,057.84 | 117 | ₹ 1,99,99,537.42 | 118 | ₹ 1,99,99,978.65 |
| | 119 | ₹ 74,93,672.64 | 121 | ₹ 99,99,809.84 | 122 | ₹ 74,99,859.27 |
| | 123 | ₹ 74,99,857.47 | 124 | ₹ 99,98,640.63 | 125 | ₹ 99,98,640.63 |
| | 126 | ₹ 1,25,00,068.39 | 127 | ₹ 1,99,99,825.54 | 128 | ₹ 70,34,250.86 |
| 3. अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट:– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा)। | | | | | |
| | 116 | ₹ 9,21,38,057.84 | 117 | ₹ 2,50,000.00 | 118 | ₹ 2,50,000.00 |
| | 119 | ₹ 1,49,900.00 | 121 | ₹ 2,00,000.00 | 122 | ₹ 1,50,000.00 |
| | 123 | ₹ 1,50,000.00 | 124 | ₹ 2,00,000.00 | 125 | ₹ 2,00,000.00 |
| | 126 | ₹ 2,12,500.00 | 127 | ₹ 2,50,000.00 | 128 | ₹ 1,40,700.00 |
| 4. काम की समाप्ति अवधि | 116 | 12 महीने | 117 | 09 महीने | 118 | 09 महीने |
| | 119 | 12 महीने | 121 | 09 महीने | 122 | 09 महीने |
| | 123 | 09 महीने | 124 | 09 महीने | 125 | 06 महीने |
| | 126 | 06 महीने | 127 | 12 महीने | 128 | 09 महीने |

| | |
|---|---|
| 5. निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 25.03.2025 को 15:00 बजे तक तथा 25.03.2025 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6. वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान, निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है आदि | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

सं.: 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/116, 117, 118, 119, 121, 122, 123, 124, 125, 126, 127, 128 दिनांक: 28.02.2025 656/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# शेयर बाजार में हाहाकार शुभ आर्थिक संकेत नहीं

भारतीय अर्थव्यवस्था भारी उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। लगातार दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ की रफ्तार सुस्त है, व्यापार घाटा बढ़ रहा है, विदेश मुदा भंडार पर भारी दबाव है, डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। राजकोषीय व वित्तीय घाटा में इजाफा हो रहा है, सार्वजनिक व्यय सिकुड़ रहा है। निजी निवेश भी नहीं बढ़ रहा है, महंगाई चरम पर है और अब भारतीय शेयर बाजार क्रैश कर रहा है। स्टॉक मार्केट के लिए आज ब्लैक फ्राइडे साबित हुआ है। फरवरी माह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1414 अंक लुढ़का है और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी लगातार आठवें दिन गिरावट को जारी रखते हुए 420 अंक टूटा है। इस भारी गिरावट से बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सूचकांक सेंसेक्स पिछले साल 27 सितंबर को हासिल 85,978.25 के अपने रिकॉर्ड शिखर से अब तक 12,780.15 अंक यानी 14.86 प्रतिशत नीचे आ चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ व चीन के उत्पादों पर अतिरिक्त टैक्स लगाने के ऐलान के बाद से व्यापार युद्ध शुरू होने की आशंका में दुनिया भर के बाजारों में हाहाकार मचा हुआ है। इस दबाव में भारतीय घरेलू स्टॉक मार्केट भी है। विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय बाजार में भारी बिकवाली कर रहे हैं, वे यहां से पैसा निकाल कर चीन का रुख कर रहे हैं। कनाडा और मेक्सिको से अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने, चीनी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाने की अमेरिकी घोषणा और यूरोपीय संघ से आयात पर भी शुल्क लगाए जाने की आशंका ने बाजार की घबराहट को बढ़ा दिया है। हालांकि अमेरिकी, जर्मन व चीनी स्टॉक मार्केट मजबूत हो रहे हैं। अकेले फरवरी महीने में ही निफ्टी 1,383.7 अंक यानी 5.88 प्रतिशत गिर गया जबकि इस महीने सेंसेक्स ने 4,302.47 अंक यानी 5.55 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह निफ्टी में लगातार मासिक गिरावट का करीब तीन दशकों का सबसे लंबा दौर है। अक्टूबर 2024 से, निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ है। 1996 के बाद यह पहली बार है कि बाजार में लगातार पांच महीने गिरावट आई है। इससे पहले 1996 में जुलाई से लेकर नवंबर महीने के बीच बाजार में लगातार 5 महीने गिरावट दर्ज की गई थी। इन 5 महीनों के दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 26 फीसदी गिरा था। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजारों में गिरावट का दौर है। 30 सितंबर 2024 को बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप 474 लाख करोड़ रुपये था जो 28 फरवरी को घटकर 384 लाख करोड़ रुपये रह गया। महज, 5 महीनों में निवेशकों की संपत्ति 90 लाख करोड़ रुपये घट गई है। विदेशी निवेशकों ने केवल पांच महीनों (अक्टूबर 2024-फरवरी 2025) में, भारतीय बाजार से 3.11 लाख करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। सितंबर और दिसंबर तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों के कारण निवेशकों ने ये बिकवाली की है। निवेशकों को चीनी कंपनियों के शेयर भारतीय कंपनियों के शेयरों की तुलना में ज्यादा सस्ते दिख रहे हैं। नए सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडेय के सामने स्टॉक मार्केट में स्थिरता लाने की चुनौती होगी। भारतीय बाजार में गिरावट का सबसे अधिक असर पिगी इन्वेस्टर (खुदरा आम निवेशक) पर पड़ता है, इसलिए अर्थव्यवस्था के संकेतकों को स्थिर रखना आवश्यक है।

## दो टूक

मुनीष भाटिया



# भारत के 'तेल व्यापार' पर अमेरिकी आपत्ति अस्वीकार्य

भारत एक संप्रभु राष्ट्र है और अपनी आर्थिक एवं व्यापारिक नीतियों को तय करने का पूर्ण अधिकार रखता है। भारत, वैश्विक अर्थव्यवस्था में तेजी से उभरती हुई शक्ति बन चुका है और ऐसे में किसी अन्य देश द्वारा उसकी नीतियों में हस्तक्षेप करना उसकी सम्प्रभुता का उल्लंघन ही माना जाएगा। हाल ही में अमेरिका द्वारा भारत की कंपनियों के ईरान से अप्रत्यक्ष रूप से तेल खरीदने पर आपत्ति जताना और प्रतिबंध लगाने की धमकी देना उसी दादागिरी का हिस्सा है, जो वह पहले भी रूस से तेल खरीदने के मामले में दिखा चुका है। अमेरिका अक्सर अपनी ताकत का इस्तेमाल करके दूसरे देशों पर अपनी नीतियां थोपने की कोशिश करता है। अमेरिका को समझना होगा कि भारत न तो किसी दबाव में आएगा और न ही अपनी संप्रभुता से समझौता करेगा। अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले प्रतिबंध या सहायता पर रोक जैसे कदम केवल उसकी असल मानसिकता को ही दर्शाते हैं, जिससे उसकी वैश्विक छवि को नुकसान होगा। आज की स्थिति में अमेरिका को यह समझना चाहिए कि भारत केवल एक उभरता बाजार ही नहीं बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक अहम हिस्सा भी बन गया है। भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसका सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3.73 ट्रिलियन डॉलर है। अनुमान है कि 2027 तक यह 4.5 ट्रिलियन डॉलर को पार कर जाएगी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 2023 में 191 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका को भारतीय बाजार की ज्यादा जरूरत है। अमेरिका यदि भारत पर किसी भी प्रकार की व्यापारिक पाबंदी लगाता है, तो इससे उसे भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, क्योंकि भारत में एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और टेस्ला जैसी अमेरिकी कंपनियां अपना विस्तार कर रही हैं। भारत अपनी कुल तेल जरूरत का 85% आयात करता है। 2023 में भारत ने 1.64 मिलियन बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात रूस से किया, जिससे रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। 2018 तक भारत ईरान से 480,000 बैरल प्रतिदिन तेल आयात कर रहा था, लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण इसमें गिरावट आई। अब भारत फिर से ईरान से तेल खरीदने के विकल्प तलाश रहा है। अमेरिका ने पहले भी रूस से भारत के तेल खरीदने पर दबाव बनाया था, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत अपने नागरिकों के हित में निर्णय लेता है, न कि किसी बाहरी दबाव में। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत ने रूस से व्यापार जारी रखा क्योंकि यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आवश्यक था। अमेरिका का तर्क है कि ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों का पालन सभी देशों को करना चाहिए, लेकिन भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखता है। तेल भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है और यदि ईरान से सस्ता तेल मिलता है, तो भारत को किसी अन्य देश के प्रतिबंधों की परवाह नहीं करनी चाहिए। अमेरिका ने हाल ही में अमेरिकी सहायता पर भी रोक लगाई और भारत पर इसके दुरुपयोग का आरोप लगाया। भारत आत्मनिर्भरता की नीति के तहत आगे बढ़ रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा चुका है। जी20 शिखर सम्मेलन में भारत ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया और यह दिखाया कि वह वैश्विक मुद्दों पर अपनी प्रभावशाली भूमिका निभा सकता है। अमेरिका की भारत में रणनीतिक रुचि का एक महत्वपूर्ण कारण चीन की बढ़ती ताकत है। चीन लगातार अपने सैन्य और आर्थिक प्रभाव का विस्तार कर रहा है, जिससे अमेरिका और उसके सहयोगी देश चिंतित हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को संतुलित करने में उसकी सहायता करे। इसी कारण अमेरिका भारत को विभिन्न रक्षा और तकनीकी सहयोग कार्यक्रमों में शामिल करना चाहता है। भारत और अमेरिका के बीच क्वाड समूह का गठन भी इसी रणनीति का हिस्सा है। यह समूह चीन के आक्रामक रवैये के खिलाफ एक संतुलन बनाने का प्रयास करता है। अमेरिका को यह समझना होगा कि यदि वह भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाए रखना चाहता है, तो उसे पारस्परिक सम्मान और सहयोग की नीति अपनानी होगी। दोनों लोकतांत्रिक देश हैं और दोनों के आपसी संबंधों में मजबूती बनी रहनी चाहिए, लेकिन यह तभी संभव है जब अमेरिका भारत की संप्रभुता का सम्मान करे। वरना, भारत जैसी तेजी से उभरती हुई शक्ति के सामने उसकी नीतियां अधिक समय तक नहीं टिक पाएंगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन सिंह

# दिल्ली सरकार वादों पर संकल्पबद्ध

**पहली बार विधायक बनने के बाद, सीधे सीएम बनीं रेखा गुप्ता के समक्ष भाजपा के चुनावी वादों को कार्यान्वित करने व दिल्ली को 'स्मार्ट सिटी', अंतरराष्ट्रीय स्तर की विकसित राजधानी बनाने की चुनौती है। बकौल रेखा, दिल्ली का ख़ज़ाना खाली है, जबकि पूर्व आप सरकार का दावा है कि दिल्ली के पास सरप्लस बजट है। रेखा मुख्यमंत्री आवास 'शीशमहल' में नहीं रहेंगीं। भाजपा के संकल्प पत्र पर नज़र डालें, तो काम बहुत हैं, और उसके लिए पांच वर्ष का समय है। सबसे पहले आठ मार्च से पहले महिलाओं को 2500 रुपये देने के वादे पूरे करने होंगे, इसके लिए इतने कम समय में लाभार्थियों की पहचान व खाली ख़ज़ाने की पूर्ति बजट में इंतजाम होगी।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने कामकाज शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की टीम अपनी टीस को पीछे रख दिल्ली को संवारने के प्रयास में जुट गई है। 27 वर्ष बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद से, सरकार गठन तक 8 फरवरी से 20 फरवरी के बीच भाजपा के अंदर अनेक उतार-चढ़ाव देखे गए। अनेक भाजपा नेताओं की उम्मीदों पर तुषारापात हुआ, अनेक के सपने चकनाचूर हुए।

अनेक चेहरों पर हैरानगी व रोष नज़र आया। दिग्गज दावेदार बाट जोहते रहे, नेपथ्य से ऐसा तीर निकला कि सभी भौचक्के रह गए। खैर भाजपा का यह 'रेखा प्रयोग' सफल होता है या आत्मघाती साबित होता है, यह वक्त ही बताएगा, लेकिन दिल्ली के चुने हुए भाजपा विधायकों को सीएम चुनने के लिए 'पार्टी के ऊपर से पर्ची सिस्टम' को बदलने की दिशा में आत्ममंथन करना चाहिए। संवैधानिक रूप से विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार केवल और केवल विधायकों का ही होना चाहिए। जिस लोकतंत्र से विधायक बनते हैं, उसी तरह लोकतांत्रिक तरीके से ही विधायक ही अपना नेता चुनें, तो अधिक योग्य नेता का चुनाव हो सकेगा। राष्ट्रीय पार्टी को भी पर्ची सिस्टम से बचना चाहिए। खैर, भाजपा के 'आलाकमान आकाओं' ने रेखा गुप्ता के हाथ में दिल्ली की कमान सौंप दी है। अब पहली बार विधायक बनने के बाद, सीधे सीएम बनीं रेखा गुप्ता के समक्ष भाजपा के चुनावी वादों को कार्यान्वित करने व दिल्ली को 'स्मार्ट सिटी', अंतरराष्ट्रीय स्तर की विकसित राजधानी बनाने की चुनौती है। बकौल रेखा, दिल्ली का ख़ज़ाना खाली है, जबकि पूर्व आप सरकार का दावा है कि दिल्ली के पास सरप्लस बजट है। रेखा मुख्यमंत्री आवास 'शीशमहल' में नहीं रहेंगीं। भाजपा के संकल्प पत्र पर नज़र डालें, तो काम बहुत हैं, और उसके लिए पांच वर्ष का समय है। सबसे पहले आठ मार्च से पहले महिलाओं को 2500 रुपये देने के वादे पूरे करने होंगे, इसके लिए इतने कम समय में लाभार्थियों की पहचान व खाली ख़ज़ाने की पूर्ति बजट में इंतजाम होगी।

रोहिणी में अपने चुनावी भाषण में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमने अपनी बहनों को 2,500 रुपये प्रति माह देने का संकल्प लिया है। यह गारंटी पूरी होगी क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सामने बड़ी चुनौतियां हैं। वित्त प्रबंधन करने से लेकर, मुख्य चुनावी वादों को पूरा करने व यमुना की सफाई करने तक, भाजपा सरकार के सामने, प्रशासनिक कामकाज शुरू करने के लिए बहुत कार्य हैं। पिछली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को भी जारी रखने का वादा भाजपा की ओर से किया गया था। चुनावी प्रचार के दौरान पीएम मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि मुफ्त योजनाएं जारी रहेंगी, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में भ्रष्टाचार को खत्म किया जाएगा। पिछली आप सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना भाजपा सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी, जिसमें 200 यूनिट तक मुफ़्त बिजली, मुफ़्त पानी का कनेक्शन व महिलाओं के लिए मुफ़्त बस यात्रा शामिल हैं। शहर के प्रदूषण व बुनियादी ढांचे की समस्याओं को ठीक करना होगा व यमुना की सफ़ाई करनी होगी। भाजपा सरकार को राष्ट्रीय राजधानी



की वित्तीय सेहत पर नज़र रखते हुए ये सारे कार्य पूरे करने हैं। विपक्ष के तौर पर आम आदमी पार्टी दिल्ली सरकार पर दबाव बनाए रखेगी। भाजपा को दिल्ली में अपने संकल्प पत्र के प्रमुख कार्यक्रमों को भी लागू करना होगा। भाजपा ने दिल्ली में 'आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना' शुरू करने का वादा लागू करने का निर्णय ले लिया है। इस योजना में प्रति लाभार्थी को 5 लाख रुपये तक का मुफ़्त इलाज उपलब्ध है व साथ ही राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 5 लाख रुपये का खर्च वहन किया जाएगा। 'आप' सरकार ने पहले इसे लागू करने से इनकार कर दिया था, यह दावा करते हुए कि दिल्ली की मौजूदा स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बेहतर व अधिक समावेशी है। भाजपा ने दिल्ली के 'मोहल्ला क्लीनिकों' में सुधार करने की आश्वासन दिया है।

राजौरी गार्डन से भाजपा विधायक व मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि क्लीनिकों को 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के रूप में पुनः ब्रांडेड किया जाएगा व बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएंगी। भाजपा ने 'आप' पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है कि वह वित्तीय अनियमितताओं को छिपाने के लिए जान-बूझकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश करने से बचती रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा था कि सभी लंबित सीएजी रिपोर्ट को पेश किया जाएगा व सभी भ्रष्टाचार के आरोपों की गहन जांच की जाएगी।

दिल्ली विधानसभा में कैग रिपोर्ट को पेश कर दिया गया है, जिसमें अस्पताल व शराब घोटाले को लेकर बात की गई है। आप के खिलाफ भ्रष्टाचार के दो मुख्य आरोप 'शीश महल' विवाद व 'शराब नीति' मामले में थे। जब भाजपा ने एक दशक लंबे शासन में नदी की सफाई में विफल रहने के लिए 'आप' को घेरा, तो अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार 'ज़हरीली अमोनिया से यमुना नदी को प्रदूषित कर रही है'। इसका कोई साक्ष्य नहीं है। दिल्ली सरकार ने यमुना के 57 किलोमीटर लंबे हिस्से में सफाई अभियान के लिए कचरा हटाने वाली मशीनें व ड्रेजर तैनात करना शुरू कर दिया है।

भाजपा सरकार पर दिल्ली की बिगड़ी सड़कों व सीवेज व्यवस्था को सुधारने का दबाव है। खराब बुनियादी ढांचा मतदाताओं की एक बड़ी चिंता थी व इन मुद्दों को संबोधित करना सरकार की विश्वसनीयता के लिए महत्वपूर्ण है। दिल्ली आज विश्व का अधिकतम प्रदूषित शहर है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने 'गैस चैम्बर' कहा है। भाजपा सरकार पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को अपडेट करने सहित एक प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण रणनीति को लागू करना आवश्यक है। भाजपा के लिए एक और चुनौती दिल्ली में एक स्थिर नेतृत्व बनाए रखना होगा। 1993 से 1998 तक के अपने पिछले कार्यकाल के दौरान, पार्टी के तीन अलग-अलग मुख्यमंत्री थे- मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा व सुषमा स्वराज। सुषमा स्वराज केवल 52 दिन की मुख्यमंत्री रहीं। क्या इतिहास खुद को दोहरा सकता है व पांच साल में तीन मुख्यमंत्री देखे जा सकते हैं? दिल्ली में भाजपा के अगले पांच साल व्यापक राजनीतिक परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण होंगे। दिल्ली में भाजपा का प्रदर्शन 'आप' के भविष्य को आकार देने व देश की राजनीतिक दिशा निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा। दिल्ली को ग्लोबल सिटी बनाने का वादा, भाजपा के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है। अब सीएम रेखा सरकार के प्रशासनिक निर्णय व उनके कार्यान्वयन पर सभी की नज़र है। दिल्लीवासियों को पिछले पांच सालों में अनेक प्रताड़नाओं से जूझना पड़ा। अब उम्मीद कायम है कि भाजपा संकल्पबद्ध है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक, शिक्षाविद व सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।)

## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित

**दर्शन**

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

## यात्रा में नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित

**प्रेरणा**

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हों, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा।

**- रमेश चौहान**, भाटापारा

## करंट अफेयर


### उत्तर कोरिया ने किया क्रूज मिसाइल परीक्षण का दावा

उत्तर कोरिया ने परमाणु हमले की स्थिति में जवाबी कार्रवाई करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए सामरिक रूप से अहम क्रूज मिसाइल के परीक्षण का शुक्रवार को दावा किया। इससे कुछ ही दिन पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका से 'बढ़ते खतरे' का जवाब देने का संकल्प लिया था। आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने बुधवार को देश के पश्चिमी तट पर मिसाइल परीक्षणों की निगरानी की। यह उत्तर कोरिया का इस साल चौथा और अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दूसरा मिसाइल प्रक्षेपण कार्यक्रम है। केसीएनए ने कहा कि इन प्रक्षेपणों का उद्देश्य 'हमारी सुरक्षा व्यवस्था का गंभीर उल्लंघन करने वाले और टकराव के माहौल को बढ़ावा देने वाले शत्रुओं को उत्तर कोरियाई सेना की जवाबी हमले की क्षमता और उसके परमाणु संचालन की तत्परता के बारे में सूचित करना है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि किम ने परीक्षण के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सेना को युद्ध तथा अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।



## ऑफ बीट

### भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की होगी कमी




आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।

## ट्रेंड

### बचाव प्रयास जारी



जोशीमठ (उत्तराखंड) के माणा क्षेत्र में हिमस्खलन हुआ है, जिसका असर बीआरओ के जीआरईएफ कैंप पर पड़ा है। स्थानीय प्रशासन व सेना इकाइयों द्वारा बचाव प्रयास जारी हैं। उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके फंसे हुए कर्मियों को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### दिल्ली के हित सर्वोपरि



आप-दा ने 10 वर्षों में दिल्ली के छोटे-छोटे मुद्दों के समाधान पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब डबल इंजन सरकार दिल्ली के हित को सर्वोपरि रखते हुए जनकल्याण हेतु निरंतर कार्य करेगी और एक समृद्ध एवं विकसित दिल्ली के मार्ग को प्रशस्त करेगी।

-रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली

### ऋण वृद्धि पुनर्जीवित



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एनबीएफसी और माइक्रोफाइनेंस ऋणों पर बैंक ऋण पर जोखिम भार कम करके ऋण वृद्धि को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्योगपति

### परम चैतन्य



जिस चेतना की उपस्थिति में हम अपने अतीत की ग्लानि और भविष्य की चिंता से मुक्त होते हुए "आनंद से पूर्ण" हो जाएं तब समझिए हम "परम चैतन्य" के कृपाक्षेत्र में हैं। प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन करके मुझे यही अनुभूत हुआ।

-आशुतोष राणा, अभिनेता

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20

ई-मेल : haribhoomi@gmail.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी कैग रिपोर्ट रखी

# मोहल्ला क्लीनिक में टॉयलेट नहीं, अस्पतालों में स्टाफ की कमी, ऑपरेशन के लिए लंबा इंतजार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी कैग रिपोर्ट रखी। 7 पन्नों की रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी है। नर्स और डॉक्टर्स की संख्या पर्याप्त नहीं है। महिलाओं के स्वास्थ्य प्रोग्राम में फंडिंग की कमी है। एंबुलेंस में जरूरी उपकरण नहीं हैं। आईसीयू की कमी है। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली की कम से कम 21 मोहल्ला क्लीनिक में टॉयलेट नहीं है। अस्पतालों में स्टाफ की कमी है। बड़े ऑपरेशन के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा कोविड-19 के दौरान केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को जो रकम दी थी, उसका इस्तेमाल ही नहीं किया गया। इस रिपोर्ट पर सोमवार को सदन में चर्चा होगी। इस बीच विधानसभा से सस्पेंड आप विधायकों ने राष्ट्रपति से मिलने के लिए समय मांगा है।





## रिपोर्ट में यह खुलासे किए गए

- आप सरकार कोविड के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से दिए गए 787.91 करोड़ रुपये में से सिर्फ 582.84 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कर पाई।
- पीपीई किट, मास्क और दवाओं के लिए जारी 119.85 करोड़ रुपये में से 83.14 करोड़ रुपये का इस्तेमाल नहीं हुआ।
- मोहल्ला क्लीनिकों में जरूरत की बुनियादी चीजें नहीं थीं। 21 क्लीनिकों में टॉयलेट, 15 क्लीनिकों में बिजली और 6 क्लीनिकों में टेबल तक नहीं थे। जनवरी, 2025 तक दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 546 मोहल्ला क्लीनिक थे।
- आयुष डिस्पेंसरी का भी यही हाल था। 49 डिस्पेंसरी में से 17 में बिजली, 7 में टॉयलेट और 14 में पीने के पानी की सुविधा नहीं थी।
- अस्पतालों में बिस्तरों की कमी के बावजूद सिर्फ 1357 बेड बढ़ाए गए। जबकि सरकार ने 2016-17 से 2020-2021 तक के बजट में कुल 32 हजार बेड बढ़ाने का वादा किया था।
- आप सरकार के दौरान सिर्फ तीन नए अस्पताल बने। इसमें तीसरे अस्पताल की लागत टेंडर की लागत से बहुत ज्यादा थी।
- राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 6 मॉड्यूलर/सेमी-मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, स्टोन सेंटर, ट्रांसप्लांट आईसीयू और वार्ड, किचन, 77 प्राइवेट कमरे, 16 आईसीयू बेड, 154 सामान्य बेड और रेजिडेंट डॉक्टर्स हॉस्टल चालू हालत में नहीं थे।
- जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 7 मॉड्यूलर ओटी, किचन, ब्लड बैंक, इमरजेंसी, मेडिकल गैस पाइपलाइन, 10 सीसीयू बेड और 200 जनरल बेड चालू नहीं थे। बेड ऑक्यूपेंसी 20 से 40% थी।
- लोक नायक अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में 24 घंटे इमरजेंसी सर्विस के लिए स्पेशलाइज डॉक्टरों की कोई परमानेंट व्यवस्था नहीं थी।
- 27 अस्पतालों में से 14 में आईसीयू, 16 में ब्लड बैंक, 8 में ऑक्सीजन, 15 में मॉर्च्युरी और 12 अस्पतालों में एम्बुलेंस नहीं थी।

**255 पन्नों की रिपोर्ट में स्वास्थ्य सेवाओं में कई गंभीर खामियां उजागर**

### घोषणापत्र के सभी वादे पूरे करेंगे : रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सरकार भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किये गये सभी वादों को पूरा करेगी। गुप्ता ने दिल्ली की पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया और कहा कि इसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में किये गए वादों को पूरा करेगी। विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर एक चर्चा के दौरान गुप्ता ने आप पर कटाक्ष करते हुए उसे एक "धरना पार्टी" करार दिया, जो सत्ता से बाहर होने के बाद भी विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा, "हमारे शपथ लेने से पहले ही आतिशी और आप के अन्य विधायक बैनर लेकर सवाल कर रहे थे कि हम महिलाओं को 2,500 रुपये कब देंगे। वे हमसे सवाल तब कर रहे हैं, जब वे खुद पंजाब में इसी वादे को पूरा करने में विफल रहे।

### विधायकों का निलंबन 'लोकतंत्र पर प्रहार' : आतिशी

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को लिखे पत्र में आम आदमी पार्टी (आप) के 21 विधायकों के निलंबन को जनादेश का अपमान और लोकतंत्र पर प्रहार बताया। निलंबन की निंदा करते हुए आतिशी ने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज को जानबूझकर दबाया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में आतिशी ने दिल्ली विधानसभा में हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त की, जहां उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दल के विधायकों को उनके विरोध प्रदर्शन के लिए भेदभावपूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि आप विधायकों को उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के अभिभाषण के दौरान "जय भीम" के नारे लगाने के बाद निलंबित कर दिया गया, जबकि "मोदी-मोदी" का नारा लगाने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### हर महीने कार्यों की प्रगति पर होगी बैठक, दिल्ली को पूरी सुरक्षा देंगे : शाह




**गृहमंत्री शाह के साथ सुरक्षा की समीक्षा की**

दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद केंद्र के साथ हुई पहली बैठक में राष्ट्रीय राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता मौजूद रहीं। बैठक में फैसला लिया गया कि अब हर महीने कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की जाएगी। पिछली आप सरकार और केंद्र के बीच समन्वय की कमी देखी जा रही थी। ऐसे में दिल्ली की गुप्ता ने कहा कि अब दिल्ली सरकार केंद्र से समन्वय बनाकर काम करेगी, जिसका सुखद परिणाम देखने को मिलेगा। गुप्ता ने कहा कि दिल्लीवालों को 100 प्रतिशत सुरक्षा दी जाएगी। गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार का रवैया केंद्र के साथ सहयोग नहीं करने का था। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में ट्रैफिक की भीड़भाड़, जलभराव सहित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। महिला सुरक्षा पर प्रमुख रूप से चर्चा की गई।

## वित्तीय कानूनों को सरल बनाने और पारदर्शिता से निवेश के लिए वातावरण अच्छा बना : बिरला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

- लोक सभा अध्यक्ष ने 'एडोप्शन टू चेंजिंग लैंडस्केप : माई विकसित भारत-2047' विषय पर संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि वित्तीय कानूनों को सरल बनाए जाने और पारदर्शिता की दिशा में हाल में की गई पहलों से भारत में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ लोकतांत्रिक भावना, स्थिर सरकार और दूरदर्शी नेतृत्व के साथ आज भारत में निवेशकों के लिए अपार अवसर मौजूद हैं । उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत आज निवेश के लिए एक पसंदीदा स्थान बन गया है। बिरला ने ये टिप्पणियां नई दिल्ली में द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद द्वारा 'एडोप्शन टू चेंजिंग लैंडस्केप : माई विकसित भारत - 2047' विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में अपने उद्घाटन भाषण में कीं। इस अवसर पर संसद सदस्य फग्गन सिंह कुलस्ते, बांसुरी स्वराज और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भारत में कानूनी सुधारों का उल्लेख करते हुए, बिरला ने कहा कि भारत में पहली बार औपनिवेशिक कानूनों को बदलने, पुराने कानूनों को निरस्त करने और ऐसे नए कानून बनाने का प्रयास किया गया है जो नए भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप हैं। जीएसटी, प्रस्तावित आयकर कानून, श्रम कानूनों और कंपनी कानूनों में किए गए बदलाव के बारे में बताते हुए, श्री बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि ये पहले देश को प्रगति और समृद्धि के पथ पर ले जाने के विजन को दर्शाती हैं।

**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:–

1. खुली ई–निविदा सं.: आईआरसीटीसी/2025/आईटीसी/आईटी(टीपी)/ई85/बस – आईआरसीटीसी वेबसाइट/ऐप पर बस इन्वेंटोरीज कंटेंट की सोर्सिंग हेतु। जमा करने की अंतिम तिथि: 24.03.2025 को 15:00 बजे तक। प्री–बिड मीटिंग: 10.03.2025 को 11:30 बजे।
2. खुली ई–निविदा सं.: 2025/आईआरसीटीसी/कैट./रिटायरिंग रूम/मार्च/25 – विभिन्न रेलवे स्टेशनों एसआईएनए (ई) = 254.89 वर्ग मीटर पर रिटायरिंग रूम का नवीनीकरण, परिचालन, रखरखाव एवं ट्रांसफर बैक। प्री–बिड मीटिंग: 07.03.2025, जमा करने की अंतिम तिथि: 21.03.2025 को 15:00 बजे तक।
3. ई–निविदा सं.: 2025/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी–एफएफयू/खुली निविदा/मार्च– 25 – निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों चरखी दादरी (डी) = 64.12 वर्ग मीटर, सुजनगढ़ (डी)–ए = 48 वर्ग मीटर, सुजनगढ़ (डी)–बी = 48 वर्ग मीटर में फास्ट फूड यूनिट की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन के लिए ई–निविदा–सह–नीलामी। प्री–बिड मीटिंग: 07.03.2025, जमा करने की अंतिम तिथि: 21.03.2025 को 15:00 बजे तक।
4. खुली ई–निविदा सं.: 2025/आईआरसीटीसी/कैट./जन आहार/मार्च 25/छह माह – 6 माह की अवधि एवं आगे विस्तार योग्य के लिए जन आहार में केटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु ई–निविदा–सह–ई–नीलामी बोली दस्तावेज। एनडीएलएस (ए1) = 153.29 वर्ग मीटर। प्री–बिड मीटिंग: 07.03.2025, जमा करने की अंतिम तिथि: 21.03.2025 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों हेतु आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com या www.tenderwizard.com/IRCTC देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन के लिए यदि कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी किया जाता है, तो उसे केवल www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

आईआरसीटीसी लि., चतुर्थ तल, टॉवर डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली 110029, फोन: 011 35464020

**उत्तर रेलवे**
**खुली ई–निविदा सूचना**

मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाकार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा संख्या: NR-Proj-UMB-25001B **कार्य का नाम:** उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिवीजन (164 आरकेएम/328 टीकेएम) के सानेहवाल–जालंधर–अमृतसर खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग"

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि | प्री–बिड कांफ्रेंस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 103.4 Cr. | 5320500/- | 24 | NIL | 02.04.2025 at 15:00 hrs | 02.04.2025 at 15:30 hrs | हाँ |

| बिडिंग प्रणाली | बिडिंग टाइप | स्वत: एलिमिनेशन नियम लागू | प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएच:एमएम) | मिनियम डीक्रिमेंट % | सब्सिकुयंट कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएच : एमएम) |
|---|---|---|---|---|---|
| दो पैकेट पद्धति | टू स्टेज रिवर्स ऑक्सन | हाँ | 04:00 | 0.2 | 00:20 |

**कार्य की समान प्रकृति:** "50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई या 2x25 केवी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग"। निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी। **नोट:**– तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**निविदा सूचना क्रमांक: NR/Proj/UMB/Advt./06 तारीख : 27.02.2025** 646/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### कानपुर-सागर हाईवे पर दंपति समेत 4 की मौत

**महोबा।** जिले में कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार ट्रक के नीचे घुस गई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि2अन्य लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक महिला की और मौत हो गई। हाईवे पर बरा नाला के पास हादसा हो गया। दूसरे का उपचार जारी है।

### पुणे रेप केस मामले में आरोपी गाडे गिरफ्तार

**पुणे।** रेप केस मामले में आरोपी दत्तात्रेय रामदास गाडे को पुणे अपराध शाखा की एक टीम ने पुणे जिले के शिरूर तहसील के एक गांव से हिरासत में लिया है। पुणे सिटी पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी। इस मामले पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच के बाद कहानी सबके सामने आएगी।

### डीजे रोकने पर 8 लोगों को कार से कुचला

**गाजियाबाद।** राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद में एक शादी समारोह के दौरान एक बड़ा बवाल हो गया। यहां एक शादी में आए हुए मेहमानों ने पास में चल रहे अन्य शादी के जश्न में डीजे पर डांस करने को लेकर काफी उपद्रव किया। जब लोगों ने उन्हें रोका तो उन्होंने कार से करीब 8 लोगों को कुचल दिया।

### 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना में 455 करोड़ रुपये "गायब" हो गए : खरगे

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को दावा किया कि सूचना के अधिकार कानून (आरटीआई) के तहत मिली जानकारी से पता चलता है कि सरकार की महत्वाकांक्षा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना में 455 करोड़ रुपये "गायब" हो गए हैं। उनके इस दावे पर फिलहाल सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "सूचना का अधिकार कानून से खुलासा हुआ है कि मोदी सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना में 455 करोड़ रुपये "गायब" हो गए हैं। "बहुत हुआ नारी पर वार" वाले भाजपाई विज्ञापन की गूंज पिछले 10 वर्षों से उन सभी महिलाओं की चीखों का उपहास उड़ा रही है, जो भाजपा राज में और कभी-कभी भाजपा के गुंडों द्वारा प्रताड़ित हुईं हैं" उन्होंने दावा किया, "हाल में पुणे में सरकारी बस में एक महिला का बलात्कार हो या मणिपुर व हाथरस की हमारी बेटियां हों, या फिर महिला ओलिंपिक चैम्पियन हों, भाजपा राज में महिला सुरक्षा का नामोनिशान नहीं बचा है।



### न्याय प्रणाली को तभी सशक्त माना जाएगा जब वह वास्तव में समावेशी हो : राष्ट्रपति

**गांधीनगर (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि अपराधियों में पकड़े जाने और सजा मिलने का डर तथा आम लोगों में न्याय मिलने का भरोसा सुशासन की पहचान है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी न्यायिक प्रणाली को तभी सशक्त माना जाएगा जब वह वास्तव में समावेशी हो। उन्होंने कहा कि 2024 में तीन नए आपराधिक कानूनों का लागू होना भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण था। मुर्मू ने यहां राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के तीसरे दीक्षांत समारोह में कहा, "अपराध पर नियंत्रण, अपराधियों में पकड़े जाने और सजा मिलने का डर तथा आम लोगों में न्याय मिलने का भरोसा, यही सुशासन की पहचान है। हमारे देश में न्याय पर आधारित सामाजिक व्यवस्था को सर्वोत्तम माना जाता है।" इस मौके पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे।



## उप्र : एएसआई को संभल की जामा मस्जिद की सफाई करने का निर्देश

**प्रयागराज (उप्र)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को संभल स्थित जामा मस्जिद की साफ सफाई कराने का शुक्रवार को निर्देश दिया। हालांकि अदालत ने मस्जिद की पुताई और पेंटिंग के लिए कोई आदेश पारित नहीं किया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने जामा मस्जिद की पुताई और सफाई की अनुमति मांगने वाली एक याचिका पर यह आदेश पारित किया और सुनवाई की अगली तिथि चार मार्च, 2025 तय की। शुक्रवार को जब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई, तो एएसआई द्वारा एक रिपोर्ट पेश की गई जिसमें कहा गया कि मस्जिद की पेंटिंग सेरामिक पेंट से हुई है और वर्तमान में पुताई कराने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस पर, मस्जिद प्रबंधन समिति की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एस एफ ए नकवी ने कहा कि वे केवल मस्जिद की पुताई और सफाई कराना चाहते हैं। इस पर अदालत ने एएसआई को परिसर में धूल और घास की सफाई कराने को कहा।

### मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

## मुंबई पुलिस को पाकिस्तानी नंबर से आई कॉल, पुलिस ने जांच शुरू की

**व्हाट्सएप पर शाहबाज ने धमकी दी**

एजेंसी ⏭ मुंबई

ट्रैफिक पुलिस को वॉट्सएप पर एक पाकिस्तानी नंबर से धमकी भरा संदेश मिला, जिसमें मुख्यमंत्री कार्यालय पर हमले की चेतावनी दी गई थी। इस संदेश को भेजने वाले ने अपना नाम मलिक शाहबाज हुमायूं राजा देव बताया है।

घटना के तुरंत बाद पुलिस ने अलर्ट जारी कर जांच शुरू कर दी। इस धमकी को गंभीरता से लेते हुए वर्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया और साइबर सेल को इसकी जांच सौंप दी गई है। अब यह पता लगाया जा रहा है कि संदेश भारत से भेजा गया है या विदेश से।

### डिप्टी सीएम शिंदे को भी मिल चुकी है धमकी




इससे पहले भी महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। यह धमकी गोरेगांव और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन सहित कई सरकारी संस्थानों को भेजे गए ईमेल के जरिए दी गई थी। जांच में आरोपी को हिरासत में लिया गया और उसने कथित रूप से ईमेल भेजने की बात कबूल की। इस मामले में आईटी एक्ट और सार्वजनिक शरारत सहित कई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इन लगातार मिल रही धमकियों के कारण मुंबई पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं।

### सुरंग हादसे के ऑपरेशन में लाई गई तेजी

# मजदूरों को निकालने रेलवे उतरा रेस्क्यू में

एजेंसी ⏭ नगरकुरनूल

### दक्षिण मध्य रेलवे ने मेटर कटर की भी व्यवस्था की

तेलंगाना के नगरकुरनूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) के निर्माणाधीन खंड का आंशिक हिस्सा गिर गया। इसके मलबे में 8 मजदूर फंसे हुए हैं।

पिछले 6 दिनों से सुरंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अब इस अभियान में दक्षिण मध्य रेलवे भी शामिल हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी नेबताया कि दक्षिण मध्य रेलवे ने बचाव अभियान के लिए आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध कराए हैं।




**6 दिन से फंसे 8 श्रमिकों को बचाने की जद्दोजहद हो रही**

#### बचाव का काम जारी

पुलिस अधीक्षक (एसपी) वैभव गायकवाड़ ने कहा कि धातु काटने और मलबा साफ करने की प्रक्रिया लगातार जारी है। एक टीम सुबह 7 बजे सुरंग में गई। मलबा साफ करने का काम जारी है। पानी निकालने का काम भी जारी है। बचाव और राहत अभियान जोरों पर है। अभियान दो दिनों में पूरा हो जाएगा।

#### सुरंग के अंदर 8 लोग फंसे

एसएलबीसी सुरंग परियोजना पर काम कर रहे 8 कर्मचारी 22 फरवरी को सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद फंस गए थे।इनमें मनोज कुमार (उत्तर प्रदेश), श्री निवास (उत्तर प्रदेश), सनी सिंह (जम्मू कश्मीर), गुरप्रीत सिंह (पंजाब) आदि शामिल हैं।

**राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा निर्वाचन सदन, प्लॉट नं. 2, सेक्टर 17, पंचकूला**

दूरभाष 0172.2584810 वेबसाइट - www.secharyana.gov.in
मतदान दिवस - 02 मार्च, 2025
मतदान का समय 8:00 बजे सायं 6:00 बजे तक
7 नगर निगम, 4 नगरपरिषद् के आम चुनाव

जिन मतदाताओं को अभी तक मतदाता फोटो पहचान पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं लेकिन उनका नाम नगरनिगम / नगरपरिषद् की वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें अपनी पहचान साबित करने के लिये निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान केन्द्र पर प्रस्तुत करना होगा:-

1. पासपोर्ट
2. ड्राइविंग लाइसेंस
3. आयकर पहचान पत्र (पैन कार्ड)
4. केन्द्रीय / राज्य सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों एवं अन्य सार्वजनिक निकायों एवं अन्य सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी द्वारा कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान पत्र
5. प्राधिकृत बैंक या पोस्ट आफिस खाते की पास बुक जिसमें फोटो लगी हो।
6. स्वतत्रता सेनानी पहचान-पत्र फोटो सहित
7. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र फोटोग्राफ सहित
8. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण-पत्र फोटोग्राफ सहित
9. फोटोग्राफ सहित शस्त्र लाइसेंस
10. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत जारी जाब कार्ड फोटोग्राफ सहित
11. सम्पत्ति दस्तावेज जैसे पट्टा, पंजीकृत दस्तावेज आदि फोटोग्राफ सहित
12. पेंशन दस्तावेज़ फोटोग्राफ सहित जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक / पेंशन भुगतान आदेश, पूर्व सैनिक की विधवा / आश्रित प्रमाण-पत्र, वृद्धावस्था पेंशन आदेश
13. स्वास्थ्य बीमा योजना के स्मार्ट कार्ड फोटोग्राफ सहित
14. राशन कार्ड फोटोग्राफ सहित
15. यू.आई.डी.ए.आई. द्वारा जारी आधार कार्ड

"छोड़ो बाकी सारे काम, पहले चलो करें मतदान।"
स्वतंत्र, शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए जनता का सहयोग जरूरी है।

**राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www@diprharyana.gov.in | Follow as on @diprharyana
पीआरडीएच-1034/11/16/2025/32564/88/6 दि. 28.02.2025

## बर्फबारी-बारिश ने फिर बढ़ाई ठंड

# सड़कों और पहाड़ों पर बर्फ की जमी मोटी परत, जम्मू कश्मीर में सड़कें बंद, जनजीवन प्रभावित, यातायात ठप

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार हो रहे बर्फबारी ने मैदानी इलाके में ठंड बढ़ा दी है। शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के कई इलाकों में भारी बर्फबारी हुई, जिसके कारण जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। कई क्षेत्रों में यातायात बाधित हो गया

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर/शिमला

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार हो रहे बर्फबारी ने मैदानी इलाके में ठंड बढ़ा दी है। शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के कई इलाकों में भारी बर्फबारी हुई, जिसके कारण जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। कई क्षेत्रों में यातायात बाधित हो गया। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कई सड़कों को बंद कर दिया गया। श्रीनगर और कुपवाड़ा में बर्फबारी के कारण सड़कों और पहाड़ों पर बर्फ की मोटी परत जमी हुई हैं।

### बर्फबारी से मार्ग बंद



हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में हुई भारी बर्फबारी।

### पूरे क्षेत्र में बिछी बर्फ की सफेद चादर

बर्फबारी की वजह से तापमान में गिरावट आई है। राजोरी, डोडा और भलेसा जिलों में भारी बर्फबारी हुई है। अनंत नाग में भी भारी बर्फबारी देखी गई। भारी बर्फबारी से पूरा क्षेत्र सफेद हो गया। पीर पंजाल पर्वत श्रेणी के ऊंचे क्षेत्रों में लंबे समय के बाद बर्फबारी हुई। श्रीनगर हवाई अड्डे पर भारी बर्फबारी के बाद रनवे से बर्फ हटानी पड़ी।

### श्रीनगर के कई जिलों में बर्फबारी



श्रीनगर में सड़कों और कारों पर जमी बर्फ

मनाली से जोड़ने वाला एनएच-3 भी बंद है



मनाली शहर के ऊपर बादलों से हुई बारिश



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भूस्खलन में धंसी कारें।

### लाहौल और स्पीति में ऑरेंज अलर्ट जारी

*हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति क्षेत्र में भी भारी बर्फबारी हुई। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। लाहौल और स्पीति जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। लोगों को केवल सुरक्षित मार्गों पर ही यात्रा करने की सलाह दी है। लाहौल-स्पीति के कार्यकारी उपायुक्त रजनीश शर्मा ने कहा कि बर्फबारी की वजह से सभी सड़कें फिलहाल बंद कर दी गई हैं। जिले को मनाली से जोड़ने वाला एनएच-3 भी बंद है। बर्फबारी जारी है और जैसे ही यह रुकेगी, सड़क साफ करने का काम शुरू हो जाएगा। बर्फबारी रुकने के बाद प्रभावित इलाकों में बिजली बहाल करने का काम शुरू हो जाएगा।*



उत्तराखंड के चमोली घाट में शहर पर जमी बर्फ

हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में बिजली गुल



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के पूरे इलाके में बर्फबारी

---

## खबर संक्षेप

### कड़े टैरिफ पर ट्रूडो की राष्ट्रपति ट्रंप को चेतावनी



**टोरंटो।** अमेरिका ने कनाडा से आयात पर नए कड़े टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। 4 मार्च से कनाडा पर टैरिफ लगाया जाएगा। कनाडा के निवर्तमान पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिका के इस फैसले को लेकर ट्रंप को चेतावनी दी है। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा यह सुनिश्चित करने पर ध्यान दे रहा है कि मंगलवार और उसके बाद के हफ्तों में अमेरिका द्वारा उन पर कोई टैरिफ न लगे। हम इसे रोकने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। अगर अमेरिका हम पर अनुचित टैरिफ लगाता है तो हम कड़ी प्रतिक्रिया देंगे, जिसकी उम्मीद कनाडा वासियों को है। ट्रूडो ने कहा कि अमेरिका में फेंटानाइल ड्रग्स के संकट की वजह से कनाडा पर टैरिफ लगाया जा रहा है, जो सरासर गलत आरोप है।

### लातूर में तीन हजार से अधिक बांग्लादेशी



**लातूर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया ने शुक्रवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के लातूर में 3,056 बांग्लादेशियों को फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। लोकसभा के पूर्व सदस्य ने जिलाधिकारी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि जिला प्रशासन ने जांच कराने का आश्वासन दिया है। सोमैया ने दावा किया कि फर्जी दस्तावेज जमा करने के बाद महाराष्ट्र में 1.23 लाख से अधिक बांग्लादेशियों ने जन्म प्रमाण पत्र हासिल कर लिए हैं। लातूर में, तहसील कार्यालय में सिर्फ आधार कार्ड जमा करके बांग्लादेश के 3,421 लोगों ने जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था, जिनमें से 3,056 लोगों को जन्म प्रमाण पत्र मिल गए।

## पीएम मोदी ने ईयू प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ की प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता

# व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, नवाचार, हरित विकास पर सहयोग का एक ब्लू प्रिंट तैयार

*पीएम नरेंद्र मोदी ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने एक व्यापक व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ता की प्रगति की समीक्षा की और व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा की। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष और कॉलेज ऑफ कमिशनर्स की यह भारत यात्रा अभूतपूर्व है।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने एक व्यापक व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ता की प्रगति की समीक्षा की और व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा की। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष और कॉलेज ऑफ कमिशनर्स की यह भारत यात्रा अभूतपूर्व है।

### खास बातें

- 'आइमेक' ग्लोबल कॉमर्स को बढ़ावा करने वाला इंजन साबित होगा
- साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग बढ़ाएंगे



### हमारा सहयोग मित्रता विश्वास का प्रतीक

*पीएम ने कहा कि रक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े शेयर बाजार पर हमारा विशाल सहयोग मित्रता विश्वास का प्रतीक है। साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग के लिए हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि के महत्व दोनों पक्ष एकमत हैं। 'इंडो पैसिफिक ओशन्स इनिशिएटिव' में शामिल यूरोपीय संघ के फैसले का हम स्वागत करते हैं।*

### भारत के साथ साझेदारी हमारे लिए अहम : यूरोपीय संघ प्रमुख



यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष लेयेन ने कहा कि उनकी यात्रा इस बात का प्रतीक है कि यूरोपीय संघ भारत के साथ अपनी साझेदारी को कितना महत्व देता है। यूरोपीय यूनियन (ईयू) कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की मेजबानी के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए उन्होंने यह बात कही। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद एक्स पर पोस्ट किया कि नरेंद्र मोदी, नई दिल्ली में हमारी मेजबानी के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यूरोपीय आयोग की यात्रा इस बात का प्रतीक है कि हम भारत के साथ अपनी साझेदारी को कितनी अहमियत देते हैं। और मैं हमारी व्यक्तिगत दोस्ती को कितना महत्व देती हूं।

### 'आईमेक' को आगे ले जाएंगे

*पीएम मोदी ने कहा कि हमारी पार्टनरशिप को ऊपर उठाने और गति बढ़ाने के लिए कई निर्णय लिए गए हैं। व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, नवाचार, हरित विकास, सुरक्षा, कौशल और गतिशीलता पर सहयोग का एक ब्लू प्रिन्ट तैयार किया गया है।*

### शांति, सुरक्षा, स्थिरता पर एकमत

*उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि के महत्व पर एकमत हैं। हम हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने के यूरोपीय संघ के फैसले का स्वागत करते हैं।*

## खैबर पख्तूनख्वा की मस्जिद में फिदायीन हमला

# जुमे की नमाज के दौरान बम धमाका, 6 की मौत



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा की मस्जिद के बाहर हुए धमाके में पाकिस्तान में 'फादर ऑफ तालिबान' मौलाना समी-उल हक के बेटे मौलाना हमिद उल हक हक्कानी की मौत हो गई है। शुक्रवार की नमाज के दौरान पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के नौशहरा शहर के पास अखोरा खट्टक इलाके में दारुल उलूम हक्कानी मदरसे में हुए एक संदिग्ध आत्मघाती विस्फोट में 6 लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए।

### तालिबान का लॉन्चिंग पैड था मदरसा

आतंकवादी समूह तालिबान के जनक के रूप में जाने जाने वाले पाकिस्तानी मौलवी मौलाना समी-उल-हक की भी चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वह रावलपिंडी के गैरीसन शहर में मारा गया था। 82 वर्षीय हक पाकिस्तान और अफगानिस्तान में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति था और उसके विचारों का सीमा के दोनों ओर के तालिबानों के बीच काफी महत्व था। अफगान सीमा के मुख्य मोटरमार्ग से दूर एक धूल भरे पाकिस्तानी शहर में स्थित, उसका दारुल उलूम हक्कानिया विश्वविद्यालय 1990 के दशक में तालिबान के लिए लॉन्चिंग पैड था और अभी भी यहां आतंकी तैयार किए जाते हैं।

### आत्मघाती हमले का शक

*विस्फोट मदरसे के मुख्य हॉल में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुआ, जिसके बाद अधिकारियों ने नौशेरा में आपातकाल की घोषणा कर दी। शुरुआत जांच के अनुसार, ये एक आत्मघाती हमला था। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने बताया अब तक कम से कम 6 लोगों की मौत हो चुकी है।*

## कोमा की हालत में अस्पताल में भर्ती नीलम शिंदे के परिवार को मिला अमेरिका का वीजा

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में 14 फरवरी को एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच कोमा की हालत में भर्ती भारतीय छात्रा नीलम शिंदे के परिवार को अमेरिका का आपातकालीन वीजा मिल गया है। उनके पिता तानाजी शिंदे शनिवार को अपनी बेटी से मिलने के लिए कैलिफोर्निया रवाना होंगे। परिजनों की गुहार पर विदेश मंत्रालय ने इस मामले में तेजी से कार्रवाई करने के लिए अमेरिका की सरकार से हाल ही में बातचीत की थी। जिसके बाद 28 फरवरी की सुबह 9 बजे नीलम के परिजनों को मुंबई स्थित अमेरिका के वाणिज्य दूतावास में वीजा जारी करने से पहले जरूरी साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। बताते चलें कि 35 वर्षीय नीलम शिंदे महाराष्ट्र के सतारा की रहने वाली हैं। इस दुर्घटना में उसके सिर और दोनों हाथ, पैर में गंभीर चोट आई है। अस्पताल उसकी ब्रेन सर्जरी करना चाहता है। जिसके लिए परिजनों की लिखित सहमति की आवश्यकता है।

■ बोले नीलम के पिता तानाजी शिंदे, शनिवार को बेटी से मिलने के लिए कैलिफोर्निया जाएंगे

## यूक्रेन जंग पर ट्रम्प और जेलेंस्की में तीखी बहस, वार्ता बीच में छोड़ यूक्रेनी राष्ट्रपति लौटे

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण खनिज समझौते पर हस्ताक्षर किए बिना ही व्हाइट हाउस से रवाना हो गए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते की मांग की थी और कहा था कि यह यूक्रेन को भविष्य में समर्थन देने की शर्त है। जेलेंस्की शुक्रवार दोपहर व्हाइट हाउस से उस वक्त चले गए जब ट्रंप ने समझौते पर बातचीत को बीच में ही रोक दिया और ओवल ऑफिस में जेलेंस्की पर चिल्ला पड़े। ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जेलेंस्की द्वारा सुरक्षा की गारंटी मांगे जाने पर जेलेंस्की के बर्ताव को अपमानजनक करार दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को ओवल ऑफिस में एक बैठक के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर बरस पड़े और उन्होंने "लाखों लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने" के लिए जेलेंस्की को फटकार लगाई। ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और जेलेंस्की के बीच लगभग 45 मिनट बातचीत हुई जिसमें अंतिम 10 मिनट तीनों के बीच काफी तीखी बहस हुई। जेलेंस्की ने अपना पक्ष रखते हुए कूटनीति के प्रति रूस की प्रतिबद्धता पर संदेह व्यक्त किया और इसके लिए मॉस्को की ओर से तोड़ी गई प्रतिबद्धताओं का हवाला दिया। इसकी शुरुआत वेंस द्वारा जेलेंस्की से यह कहे जाने के साथ हुई, "राष्ट्रपति जी सम्मानपूर्वक। मुझे लगता है कि आपका ओवल ऑफ़िस में आकर अमेरिकी मीडिया के सामने इस मामले पर मुकदमा करने की कोशिश करना अपमानजनक है।

■ अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- आप हमारे प्रति शुक्रगुजार नहीं, डील कीजिए नहीं तो हम समझौते से बाहर

## समुद्री तट रक्षक बल ने बचाई जान



**रायगढ़।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में अलीबाग के तट पर मछली पकड़ने वाली एक नौका में अचानक आग लग गई। भारतीय समुद्र तट रक्षक बल 'सावित्री बाई फुले' ने मौके पर पहुंचकर नाव में सवार 18 लोगों की जान बचाई और नाव पर पानी छिड़कर उसे जलने से बचाया।

## 'नेशनल वाटरवे रेगुलेशन' निजी संस्थाओं के लिए अवसरों के नए दरवाजे खोलेगा

# अंतरदेशीय जलमार्गों और टर्मिनलों का होगा विकास, बढ़ेगा इंफ्रास्ट्रक्चर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि नेशनल वाटरवे (जेट्टी/टर्मिनलों का निर्माण) रेगुलेशन, 2025, को टर्मिनलों की स्थापना में निजी क्षेत्र के निवेश को लाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और भारत के विशाल जलमार्ग नेटवर्क के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। विनियमनों के लागू होने से, निजी संस्थाएं अंतरदेशीय जलमार्ग टर्मिनलों के विकास और विस्तार में अधिक भूमिका निभाएंगी, जिससे इस क्षेत्र के विकास में योगदान मिलेगा। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के तहत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा तैयार यह इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ाने और व्यापार में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल की आवाजाही बढ़कर 133 मिलियन टन हुई



### जलमार्ग आर्थिक विकास का प्रमुख इंजन होंगे

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के मार्गदर्शन में, आईडब्ल्यूएआई ने आर्थिक विकास के प्रमुख इंजन के रूप में जलमार्गों को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। पिछले दशक में राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल की आवाजाही में वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 18 मिलियन टन से बढ़कर 133 मिलियन टन हो गई है।

### 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' प्राप्त करना होगा

निजी ससंस्थाओं को जेटी और टर्मिनल विकसित करने और संचालित करने में सक्षम बनाकर, ये नियम निवेश, व्यापार और आर्थिक विकास के नए अवसर खोलते हैं, साथ ही लॉजिस्टिकल दक्षता में भी सुधार करते हैं। नए नियमों के तहत, 'निजी क्षेत्र सहित कोई भी संस्था, जो राष्ट्रीय जलमार्ग पर अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल विकसित या संचालित करना चाहती है, उसे आईडब्ल्यूएआई से 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) प्राप्त करना होगा। मौजूदा और नए टर्मिनल, चाहे वे स्थायी हों या अस्थायी, इन विनियमों के अंतर्गत आते हैं।

## वायुसेना चीफ एपी सिंह बोले

# देश को हर साल 35-40 फाइटर जेट की जरूरत, अब पीछे मुड़कर नहीं देख सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि भारत को हर साल 35-40 लड़ाकू विमानों का उत्पादन करना होगा ताकि पुराने विमानों को बदला जा सके। उन्होंने बताया कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) अगले साल से हर साल 24 तेजस एमके1ए विमानों का उत्पादन करेगा और सुखोई निर्माण व निजी क्षेत्र की भागीदारी से यह लक्ष्य पूरा किया जा सकता है। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बेहद जरूरी बताया। यह बयान चाणक्य डायलॉग्स सम्मेलन में भारत 2047 युद्ध में आत्मनिर्भरता विषय पर चर्चा के दौरान आया। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना स्वदेशी रक्षा प्रणालियों को प्राथमिकता देगी, भले ही उनकी क्षमता अंतरराष्ट्रीय विकल्पों से कुछ कम हो।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25